राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 10
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 10 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट

पेज 3 नोएडा मेट्रो डिटेल्ड ड्राइंग डिजाइन के लिए कंपनी का चयन

पेज 4 कुकरीखेड़ा गन्ना क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण, तौल व्यवस्था

पेज 6 श्रेयस की वापसी का फैसला इसी माह जांच रिपोर्ट के बाद होगा

## राहुल ने कहा- बीजेपी देश में चुनाव सुधार नहीं चाहती

### चुनाव आयोग को कंट्रोल कर रही; एसआईआर पर सदन के सामने 3 मांगें रखीं, 3 सवाल पूछे



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधार पर 28 मिनट की स्पीच दी। कहा कि आरएसएस और भाजपा देश की संस्थाओं पर कब्जा कर रही हैं। इनमें चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई, आईबी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट शामिल हैं।

इससे साफ है कि बीजेपी चुनाव आयोग को कंट्रोल और निर्देशित (डायरेक्ट) कर रही है। इससे लोकतंत्र को नुकसान हो रहा है।

राहुल की स्पीच के दौरान 5 बार हंगामा हुआ। हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन मॉडल के जिक्र के समय कांग्रेस सांसदों द्वारा मॉडल की तस्वीर दिखाने पर स्पीकर ओम बिरला नाराज हो गए। कहा- ऐसे सदन नहीं चलेगा।

### 3 मांगें रखीं, कहा- ईवीएम देखने दी जाए

1. मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट सभी राजनीतिक दलों को चुनाव से एक महीने पहले दी जानी चाहिए।

2. सीसीटीवी फुटेज डिस्ट्रॉय करने का नियम भी बदला जाना चाहिए।

3. चुनाव के बाद ईवीएम देखने के लिए दी जाए। वोट चोरी से बड़ा कोई एंटी नेशनल काम नहीं है। सरकार चुनाव सुधार नहीं चाहती।

### 3 सवाल पूछे

1. चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से सीजेआई को क्यों हटाया गया।

2. दिसंबर 2023 में कानून बदला कि चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता।

3. चुनाव के 45 दिन बाद सीसीटीवी फुटेज क्यों डिलीट किए।

### राज्यसभा में खड़गे ने लगाए वंदे मातरम् के नारे

मंगलवार को राज्यसभा में वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर चर्चा हुई। नेता विपक्ष कांग्रेस सासंद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं। मैं 60 सालों से यह गाना गा रहा हूं, चाहे विधायक, सांसद या राज्यसभा सदस्य के तौर पर वंदे मातरम्-गाना हमेशा मेरी आदत रही है। मैं उन लोगों को भी धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने हाल ही में इसे पहली बार गाना शुरू किया है। अपने संबोधन के दौरान खड़गे ने वंदे मातरम्, वंदे मातरम् के नारे लगाए।



**सपा चीफ अखिलेश यादव :** सरकार और चुनाव आयोग मिलकर एसआईआर के बहाने अंदर ही अंदर एनआरसी वाला काम कर रहे हैं। यूपी के सीएम कह रहे हैं कि हम डिटेंशन सेंटर बना रहे हैं। जो ये खुलकर नहीं कर सकते हैं वो एसआईआर के बहाने कर रहे हैं।



**टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी :** एसआईआर वोट डिलीट करने का टूल बनकर रह गया है। चुनाव आयोग किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करने की अथॉरिटी नहीं है। चुनाव आयोग कह रहा है कि पांच लाख वोटर डिलीट, छह लाख वोटर डिलीट और बीजेपी जश्न मना रही है।



**कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी :** देश के 12 राज्यों में किया जा रहा एसआईआर गैरकानूनी है। संविधान में पूरे राज्य में एक साथ एसआईआर को लेकर कोई कानून नहीं है, इसे तत्काल रोकें। देश में चुनावों से पहले डायरेक्ट कैश ट्रांसफर करने पर रोक लगनी चाहिए, चुनाव ईवीएम की जगह बैलट पैपर से कराए जाने चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत ने 101 रन से पहला टी-20 जीता

भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले टी-20 में 101 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। टीम इंडिया ने नौवीं बार कोई टी-20 मैच में 100 रन या इससे ज्यादा के अंतर से जीता है। दूसरा टी-20 मैच 11 दिसंबर को चंडीगढ़ में खेला जाएगा। मंगलवार को कटक के बाराबाती स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने हार्दिक पंड्या की फिफ्टी के दम पर 6 विकेट खोकर 175 रन बनाए। जवाब में मेहमान टीम 74 रन बनाकर ही सिमट गई। हार्दिक ने 28 गेंद पर 6 चौके और 4 छक्के लगाकर 59 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 26 और अक्षर पटेल ने 23 रन की पारी खेली।

### जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर से अलगाववादी नेता जावेद नलका गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर के जैना कदल निवासी अलगाववादी नेता जावेद अहमद मीर उर्फ जावेद नलका को 1996 के एक पुराने केस में गिरफ्तार किया है। वह शेरगरी पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में वॉन्टेड था, जिसमें दंगा, पथराव और अवैध गतिविधियों से जुड़े आरोप शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जावेद मीर को शेरगरी पुलिस ने हिरासत में लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक मीर उस जुलूस का हिस्सा था जिसे कथित रूप से जुलाई 1996 में मारे गए टेररिस्ट हिलाल अहमद बेग के अंतिम यात्रा के दौरान लीड किया गया था।

## सोनिया गांधी को दिल्ली कोर्ट का नोटिस

### 1980-81 की वोटर लिस्ट में गलत तरीके से नाम जुड़वाने का आरोप; 6 जनवरी तक जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी को नोटिस दिया है। यह नोटिस उस याचिका पर आया है, जिसमें दावा किया गया कि सोनिया गांधी का नाम 1980-81 की वोटर लिस्ट में गलत तरीके से जोड़ा गया था।

इसके अलावा याचिका में मजिस्ट्रेट के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें सोनिया गांधी के खिलाफ दायर शिकायत को खारिज कर दिया गया था। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को भी नोटिस जारी किया है और पूरे केस का रिकॉर्ड मंगाया है।

अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। इस दौरान सोनिया और राज्य सरकार को नोटिस का जवाब देना होगा।

यह याचिका विकास त्रिपाठी ने दायर की है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने की। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि सोनिया का नाम नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की 1980 की वोटर लिस्ट में था, जबकि वे भारत की नागरिक अप्रैल 1983 में बनीं।

### 11 सितंबर को याचिका खारिज की गई थी

इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट के एडिशनल चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने 11 सितंबर को याचिका को खारिज किया था। उन्होंने कहा था कि कोर्ट चुनाव से जुड़े संवैधानिक अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं कर सका, अन्यथा संविधान के अनुच्छेद 329 का उल्लंघन होगा।

### संस्कृति



नई दिल्ली के लाल किले में संस्कृति मंत्रालय द्वारा स्थापित एक नई गैलरी में ब्रिटिशकालीन बैरक के सामने एयर इंडिया विमान का एक पुराना मॉडल प्रदर्शित किया गया है।

### बीएलओ की सुरक्षा पर ईसीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने बंगाल और दूसरे राज्यों में एसआईआर का काम रहे बीएलओ को मिल रही धमकियों पर चिंता जताई। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। इसमें कहा- इस स्थिति को तुरंत संभाला जाए, नहीं तो अराजकता फैल सकती है। जो राज्य सहयोग नहीं कर रहे हमें बताएं। कोर्ट ने आगे कहा कि कई राज्य सरकारें एसआईआर के काम में ठीक से सहयोग नहीं कर रहीं। हम बस यही चाहते हैं कि जमीन पर एसआईआर का काम बिना किसी रुकावट के पूरा हो जाए। याचिका सनातनी संसद संगठन ने दायर की थी। इसमें कहा गया था कि बंगाल में बीएलओ को धमकियां दी जा रहीं।

## सरकार ने इंडिगो की उड़ानों में 10 प्रतिशत कटौती की

### स्लॉट दूसरी एयरलाइंस को मिलेंगे, कल 400+ फ्लाइट्स कैंसिल

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में लगातार 8 दिन से चल रहे संकट के बीच सरकार ने एयरलाइन पर सख्त एक्शन लिया है। सोमवार को सिविल एविएशन मंत्रालय की हाई लेवल मीटिंग के दौरान इंडिगो की 10 प्रतिशत फ्लाइट्स में कटौती का निर्देश जारी किया गया।

यह कटौती हाई-डिमांड, हाई-फ्रीक्वेंसी रूट पर फ्लाइट में गई है। इसका असर इंडिगो की रोजाना ऑपरेट होने वाली 2300 फ्लाइट्स पर पड़ेगा।

यानी लगभग 230 फ्लाइट्स घट जाएंगी। इसके अलावा इंडिगो को बुधवार शाम 5 बजे तक डीजीसीए को एक बदला हुआ शेड्यूल जमा करने का भी निर्देश दिया गया है।





इधर केंद्र ने मौजूदा हालात की जांच के लिए 10 बड़े एयरपोर्ट पर सीनियर अफसरों को तैनात किया है। ये लोग पता लगाएंगे कि यात्रियों को कौन-कौन सी परेशानी आ रही है। ये अफसर डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी लेवल के हैं। 10 बड़े एयरपोर्ट में मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद, पुणे, गुवाहाटी, गोवा और तिरुवनंतपुरम शामिल हैं।

उधर, इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल होने का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। देशभर में आज 400 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुईं।

### इंडिगो सीईओ बोले- अब हमारे ऑपरेशन स्टेबल

इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को कहा कि इंडिगो फिर से पटरी पर आ गया है और हमारा ऑपरेशन स्टेबल है।


लाखों कस्टमर्स को उनका पूरा रिफंड मिल गया है। हम रोजाना ऐसा कर रहे हैं।

हम अपने नेटवर्क में सभी 138 जगहों पर वापस आ गए हैं और सरकार के साथ कोऑपरेट कर रहे हैं।



## हैप्पी मॉर्निंग

टीचर- बच्चों बताओ सबसे पवित्र वस्तु क्या है?
टिंकू - सर मोबाइल
मास्टर (गुस्से में) - वो कैसे...?
टिंकू- वह बाथरूम, अस्पताल, श्मशान से होकर आने के बाद भी बिना धोये हुए घर, रसोई और मंदिर सब जगह जा सकता है।



### शायरी

बढ़ रही आबादी और बढ़ रहे बेरोजगार है,
नौकरी की बात पर क्यों मौन सरकार है.

## सीकर में स्लीपर बस-ट्रक में भिड़ंत, 3 की मौत

### 7 की हालत गंभीर; खाटूश्यामजी जा रहे थे गुजरात के यात्री

**फतेहपुर (सीकर)।** सीकर में स्लीपर बस और ट्रक की भीषण भिड़ंत में 3 लोगों की मौत हो गई। 28 यात्री घायल हो गए। इनमें सात की हालत गंभीर है। हादसा जयपुर-बीकानेर नेशनल हाईवे पर मंगलवार देर रात 10:40 बजे फतेहपुर के पास हुआ।

बताया जा रहा है कि बस में सवार सभी यात्री वलसाड (गुजरात) के रहने वाले हैं। ये सभी वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रहे थे और खाटूश्यामजी जा रहे थे। बस में करीब 50 लोग सवार थे।

जानकारी के अनुसार स्लीपर बस बीकानेर की ओर से जयपुर जा रही थी। वहीं ट्रक झुंझुनूं से बीकानेर की ओर जा रहा था। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह चकनाचूर हो गया। कई यात्री सीटों में ही फंस गए।





हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। हाईवे से गुजर रहे वाहन रुक गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। बस में फंसे यात्रियों को निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

घायलों को तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाया गया। डॉक्टरों की कई टीमें इलाज में जुटी हैं।

### बस ड्राइवर समेत 3 की मौत

हादसे में बस यात्री मयंक और ड्राइवर कमलेश की मौत हो गई। एक मृतक की पहचान नहीं हुई है।

अनंत, तुषार पुत्र अर्जुन, राजेश पुत्र ओमप्रकाश, प्रवीण पुत्र बाबू भाई, रंजना पत्नी सुरेश भाई, मुक्ता बेन पुत्री शैतान सिंह, आशीष पुत्र रामलाल, निलेश पुत्र अमित समेत 15 घायलों को सीकर रेफर किया गया है।

इनमें सुहानी पुत्री अमित, कर्मल बेन, जमवंत पुत्र उदाराम, सुदा बेन पुत्री उत्तम, अर्जुन पुत्र उकल भाई, अमित पुत्र रमन लाल, शीला बेन पत्नी महेश भाई भी शामिल हैं।

## गुजरात में 6 साल की बच्ची से निर्भया जैसी दरिंदगी

### रेप में नाकाम रहने पर गुप्तांग में रॉड डाल दी, आरोपी गिरफ्तार

राजकोट। गुजरात में राजकोट जिले के अटकोट में निर्भया कांड जैसी घटना सामने आई है। आरोपी ने छह साल की बच्ची से बलात्कार की कोशिश की। नाकाम रहने पर उसने बच्ची के गुप्तांग में रॉड डाल दी। बच्ची को राजकोट के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने आरोपी की पहचान के लिए करीब 100 संदिग्धों से पूछताछ की। इसके बाद रामसिंह तेरसिंह की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मध्य प्रदेश के अलीराजपुर का रहने वाला है।

### मुंह दबाकर दुष्कर्म का प्रयास

दाहोद जिले का एक मजदूर परिवार अटकोट थाना अंतर्गत एक गांव के पास खेत में मजदूरी करता है। 4 दिसंबर को जब परिवार खेत में काम कर रहा था, तब उनकी छह साल, आठ महीने की बेटी वहीं खेल रही थी।



इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति बच्ची को उठाकर ले गया और उसके साथ दरिंदगी की।

आरोपी ने बच्ची का मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। जब बच्ची चीखी तो उसने बच्ची के गुप्तांग में रॉड जैसा धारदार हथियार डाल दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी लहूलुहान बच्ची को वहीं छोड़कर फरार हो गया।

जब परिजनों ने बच्ची की तलाश शुरू की, तो वह पास में ही खून से लथपथ मिली।

बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उसे तुरंत राजकोट के अस्पताल ले गए। बच्ची का फिलहाल इलाज चल रहा है।

### 10 टीमें बनाकर 100 संदिग्धों से पूछताछ

राजकोट ग्रामीण एसपी विजयसिंह गुर्जर ने बताया कि पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया। साथ ही 10 टीमें बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। करीब 100 संदिग्धों से पूछताछ की गई। फिर करीब 10 आरोपियों को बाल विशेषज्ञ के साथ बच्ची के सामने पेश किया गया, जहां बच्ची ने मुख्य आरोपी 30 वर्षीय रामसिंह तेरसिंह की पहचान की, इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गुजरात के अटकोट में राजमिस्त्री का काम करता है। उसके एक बेटी और दो बेटे हैं। आरोपी को घटना वाले खेत के बगल वाले खेत से पकड़ा गया है।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
84,666.28
-436.41 (0.51%)
निफ्टी:
25,839.65
-120.90

### मौसम



अधिकतम : 24 डिग्री से0
न्यूनतम : 08 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 7 : 05
सूर्यास्त बुधवार : 5 : 27

### आबादी

केंद्र बोला- देश की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही; इससे आर्थिक निर्भरता जैसी चुनौतियां बढ़ेगी

## 2036 तक 7 में से 1 भारतीय सीनियर सिटीजन होगा

नई दिल्ली। भारत की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है। 2011 में देश में 60 साल से ऊपर की आबादी 10.16 करोड़ थी, जो 2036 तक बढ़कर 22.74 करोड़ हो जाएगी। यानी बुजुर्गों की आबादी का हिस्सा कुल जनसंख्या में 8.4 प्रतिशत से बढ़कर 14.9 प्रतिशत हो जाएगा यानी हर 7 में 1 भारतीय सीनियर सिटीजन होगा। वहीं, 2036 तक अनुमानित जनसंख्या 153 करोड़ होगी। ये जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में दी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे देश में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है, उसके सामने स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक निर्भरता और डिजिटल सुविधाओं का उपयोग जैसी चुनौतियां भी बढ़ती जा रही हैं।

सरकार ने माना है कि देश में बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से परिवारों का ढांचा और रिश्तों का तरीका भी बदल रहा है। पहले ज्यादातर लोग संयुक्त परिवार में रहते थे, जहां बुजुर्गों की देखभाल सब मिलकर करते थे। अब छोटे परिवार बढ़ रहे हैं, जिससे बुजुर्गों की देखभाल का तरीका भी बदल गया है और उनकी जिम्मेदारी कम लोगों पर आ गई है।

नई रिपोर्टों में इसे विरोधाभास कहा गया है, यानि बुजुर्गों की संख्या तो बढ़ रही है, लेकिन समाज की सोच, जिम्मेदारी और उनकी देखभाल को लेकर उम्मीदें पहले जैसी नहीं रहीं।



इसका सीधा असर बुजुर्गों की देखभाल और उनके सम्मान पर पड़ रहा है। गृह राज्य मंत्री ने बताया कि बुजुर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने 1 अप्रैल 2021 से अटल वयो अभ्युदय योजना लागू की है। इस योजना के तहत पूरे देश में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायता और सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार ने नेशनल काउंसिल ऑफ सीनियर सिटीजन्स भी बनाई है, जिसकी अध्यक्षता सामाजिक न्याय-अधिकारिता मंत्री करते हैं। इस परिषद में अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल हैं, जो बुजुर्गों से जुड़े मुद्दों पर सलाह देते हैं।

### देश में सबसे ज्यादा बुजुर्ग केरल में

देश में सबसे ज्यादा बुजुर्ग केरल में रहते हैं। यहां कुल आबादी के 16.5 प्रतिशत लोग बुजुर्ग (60 साल से अधिक उम्र के 56 लाख लोग) हैं। इनमें भी 11 प्रतिशत लोग 80 साल या इससे अधिक उम्र के हैं। 2031 तक ये 25 प्रतिशत होंगे। कई गांवों में सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट की केरला माइग्रेशन सर्वे रिपोर्ट बताती है कि राज्य की 3.43 करोड़ आबादी में हर पांच में से एक घर का कम से कम एक सदस्य बाहर है। 12 लाख से ज्यादा घरों में ताले पड़े हैं, तो 21 लाख से ज्यादा में सिर्फ बुजुर्ग हैं।

## गोवा क्लब अग्निकांड- लूथरा ब्रदर्स का पार्टनर अजय गुप्ता पकड़ाया

### केस में छठी गिरफ्तारी; थाईलैंड भागे दोनों मालिकों के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी

**पणजी/नई दिल्ली।** गोवा के अरपोरा स्थित 'बिर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब में 6 दिसंबर की रात भीषण आग लगी थी।

इसी मामले में गोवा पुलिस ने मंगलवार को क्लब मालिक लूथरा ब्रदर्स के पार्टनर अजय गुप्ता को दिल्ली से हिरासत में लिया है।

गोवा पुलिस के मुताबिक जांच के दौरान गुप्ता और उनके पार्टनर सुरिंदर कुमार खोसला के खिलाफ पहले लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया था। पुलिस टीम जब उसके दिल्ली स्थित घर पर पहुंची तो वह वहां नहीं मिला। बाद में गुप्ता को दिल्ली में ट्रेस कर हिरासत में लिया गया और जल्द ही गोवा लाया जाएगा। वहीं क्लब मालिक सौरभ और गौरव लूथरा अब भी फरार हैं।

आग लगने के कुछ घंटे बाद वे थाईलैंड भाग गए थे और उनके खिलाफ इंटरपोल ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी हुआ है।

यह इस केस में छठी गिरफ्तारी है। इससे पहले पुलिस क्लब के मैनेजर राजीव मोदक, विवेक सिंह, राजीव सिंघानिया, रियांशु ठाकुर और कर्मचारी भरत कोहली को गिरफ्तार कर चुकी है। 6 दिसंबर की रात नाइटक्लब में लगी आग में 25 लोगों की मौत हुई थी और कई लोग झुलस गए थे।

# नोएडा मेट्रो डिटेल्ड ड्राइंग डिजाइन के लिए कंपनी का चयन

## एनएमआरसी 24 करोड़ देगी, तीन रुटों का डिजाइन होगा तैयार, टोपोग्राफी सर्वे पूरा

नोएडा। एनएमआरसी के तीनों प्रस्तावित रूटों के लिए डिटेल्ड डिजाइन ड्राइंग बनाने का काम आगामी 15 दिनों में शुरू हो जाएगा। इसके लिए सलाहकार कंपनी आयशा का चयन कर लिया गया है। कंपनी के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इसके बाद काम अवॉर्ड किया जाएगा।

ये प्रस्तावित रूट सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-5, ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी और सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो तक है। डीडीसी तीनों रूट के सिविल डिजाइन, लागत, विद्युत यांत्रिक व ट्रैक का सर्वे कर विस्तृत रिपोर्ट एनएमआरसी को उपलब्ध करवाएगा। इसके लिए नोएडा मेट्रो करीब 24.21 करोड़ रुपए का भुगतान करेगी। सलाहकार कंपनी 5 साल तक इन तीनों रूट पर काम करेगी। तीनों रूटों की कुल लंबाई 31.595 किलोमीटर है।



### इन तीनों रूटों के लिए बनेगी डिजाइन

ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का सबसे बड़ा रूट सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-5 तक 17.345 किलोमीटर का है। इस दूरी में 11 स्टेशन बनाए जाने प्रस्तावित हैं। इसकी फाइल केंद्र सरकार के पास है।

दूसरा मेट्रो रूट सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन तक 11.56 किलोमीटर लंबा है। इस रूट पर 8 मेट्रो स्टेशन बनाए जाने हैं। इसके लिए जल्द ही सहमति पत्र आ जाएगा।

तीसरा मेट्रो रूट डिपो से बोड़ाकी तक 2.6 किलोमीटर का है। इस रूट पर 2 मेट्रो स्टेशन बनाए जाने हैं। केंद्र से भी मंजूरी मिल चुकी है। इसके लिए स्वायल टेस्टिंग किया जा रहा है। ये रिपोर्ट डीडीसी में आने वाली कंपनी को दी जाएगी।

### टोपोग्राफिक सर्वे हुआ पूरा

सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन और ग्रेटर नोएडा डिपो से बोडाकी रूट के लिए टोपो ग्राफी सर्वे पूरा किया जा चुका है। इस रिपोर्ट को भी डिटेल डिजाइन में शामिल किया जाएगा। इसी के अनुसार ड्राइंग में तय किया जाएगा कि कहा-कहा पर पिलर बनाए जाएंगे। डीडीसी के नियुक्ति के लिए प्रि बिड बैठक हो चुकी है। जिसमें कंपनियों ने अपने सुझाव दिए थे।

### सभी स्टेशनों पर सोलर पैनल

तीनों रूटों पर प्रस्तावित सभी स्टेशन पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। एनएमआरसी के अधिकारी ने बताया स्टेशन का सारा बिजली का काम इन्ही पैनल से जनरेट होने वाली इलेक्ट्रिक सिटी से किया जाएगा।

# ऑनलाइन बेटिंग ऐप्स से ठगी करने वाला बड़ा गैंग भंडाफोड़ ; दो गिरफ्तार, 7 बैंक खाते फ्रीज

नोएडा। वकार सैफी। पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग ऐप्स के माध्यम से ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। साइबर और थाना फेस वन की संयुक्त टीम ने इस गैंग के दो आरोपी आरोपी सचिन गोस्वामी और कुणाल गोस्वामी को गिरफ्तार किया हैं।

पुलिस ने इनके पास से मोबाइल, लैपटॉप और प्रिंटर सहित कई उपकरण बरामद किए हैं। बड़ी बात यह है कि गिरोह के छह से सात बैंक खातों का पता चला है, जिन्हें तत्काल फ्रीज कराया जा रहा है।

बता दे की पुलिस के गिरफ्त में खडे सचिन गोस्वामी और कुणाल गोस्वामी को को बी-ब्लॉक, बिल्डिंग नं0-9, सेक्टर-2, नोएडा के टॉप फ्लोर में गिरफ्तार किया गया है। ये ऑनलाइन गेमिंग सिस्टम में एक निश्चित राशि पर उच्च रिटर्न का ऑफर



देकर लोगों को आकर्षित करते थे और ठगी करते थे। ये लोग कॉल सेंटर चलाकर लोगों से पैसे लेते थे और उन्हें फर्जी बेटिंग ऐप्स पर जुआ खिलाते थे। इनके द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले ऐप्स में कलर प्रीडिक्शन, रेड-ग्रीन बेटिंग और पैसे डबल जैसे नाम शामिल थे, जो शत प्रतिशत फर्जी थे।

पुलिस ने इनके पास से मोबाइल, लैपटॉप और प्रिंटर सहित कई उपकरण बरामद किए हैं। बड़ी बात यह है कि गिरोह के छह से सात बैंक खातों का पता चला है, जिन्हें तत्काल फ्रीज कराया जा रहा है। यह कार्रवाई साइबर क्राइम की टोल फ्री नंबर 1930 और वेबसाइट के माध्यम से मिली जानकारियों के आधार पर की गई। पुलिस का कहना है कि गैंग में शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है और जल्द ही और गिरफ्तारियाँ होंगी।

## बुजुर्ग महिला डेढ़ घंटे तक लिफ्ट में फंसी रही

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की पंचशील हाइनिश सोसाइटी में एक 55 साल की एक महिला करीब डेढ़ घंटे तक लिफ्ट में फंसी रही। इस दौरान उन्हें सांस लेने में परेशानी और घबराहट महसूस हुई। आरोप है कि सुरक्षा अलार्म बार-बार बजाने के बावजूद कोई मदद नहीं पहुंची। सोसाइटी के टावर-8, फ्लैट नंबर 2001 में रहने वाले सावन कुमार झा ने बताया कि उनकी मां दोपहर 1 बजे 23वें फ्लोर से 21वें फ्लोर पर जा रही थीं। 21वें फ्लोर पर पहुंचते ही लिफ्ट में तेज झटका लगा और वह रुक गई। जब लिफ्ट का दरवाजा नहीं खुला, तो महिला ने अलार्म बजाया, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली। बाद में शोर मचाने पर सिक्योरिटी गार्ड मौके पर पहुंचा और मेंटेनेंस विभाग को सूचित किया गया। करीब डेढ़ घंटे बाद लिफ्ट का दरवाजा खोला जा सका।

# सोसायटी की 16वीं मंजिल से गिरकर महिला की मौत

## पारिवारिक कलह में आत्महत्या का शक

नोएडा। सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के सेक्टर-74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसायटी की 16वीं मंजिल की बालकनी से रविवार रात एक महिला संदिग्धावस्था में नीचे गिरकर घायल हो गई। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सुसाइड नोट मिलने व स्वजन से कोई शिकायत मिलने के बारे में इनकार किया है।

### पारिवारिक कलह में जान देने की चर्चा

बताया जा रहा है कि महिला ने पारिवारिक कलह में जान दी है। लखनऊ के सीतापुर रोड स्थित सिंह कॉलोनी की प्रियंका तिवारी आइटी कंपनी में काम करती थीं। 11 साल पहले प्रियंका की दोस्ती कार्यालय में काम करने वाले हिमाचल प्रदेश के कृष्ण कुमार से हुई थी। दोनों करीब आठ साले से केपटाउन सोसायटी में रह रहे थे।

दोनों ने तीन साल पहले कृष्ण से शादी की थी। पिछले कुछ समय से प्रियंका नौकरी नहीं कर रही थी। रविवार रात को दंपती फ्लैट पर थे। करीब आठ बजे प्रियंका बालकनी में गईं थीं। इसी बीच बालकनी से सिर के बल गिर गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पति ने महिला के जान देने की जानकारी दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद ले रहे हैं। महिला का मोवाइल भी कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

# नोएडा में आयकर अधिनियम का अनुपालन पर गोष्ठी

नोएडा। आयकर विभाग द्वारा नोएडा में आयकर अधिनियम का अनुपालन एवं करदाता सेवा आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ये कार्यक्रम प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, उत्तर प्रदेश (पश्चिम) एवं उत्तराखंड क्षेत्र, कानपुर के नेतृत्व में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया, गौतम बुद्ध नगर शाखा (सीआईआरसी) के सहयोग से विषय पर एक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर्णा करण, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, उप्र (पश्चिम) एवं उत्तरा खण्ड क्षेत्र कानपुर द्वारा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. शिवदान सिंह भदौरिया, प्रधान आयकर आयुक्त (प्रशासन एवं टीपीएस) कानपुर के स्वागत उद्बोधन से हुई। जिसमें उन्होंने करदाताओं के योगदान और विभाग के लगातार समाधान दृष्टिकोण की सराहना की।

कार्यक्रम में वेद प्रकाश, अपर आयकर आयुक्त (टीडीएस), गाजियाबाद एवं जेके गुप्ता, सहायक आयकर आयुक्त (टीडीएस), नोएडा द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 एवं साल 2025 के लिए टीडीएस अनुपालन प्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी गई।

# किसान एकता संघ ने एनपीसीएल के खिलाफ की बैठक

## अलावर्दीपुर डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन न मिलने पर घेराव की चेतावनी

जेवर। ग्रेटर नोएडा के अलावर्दीपुर डूब क्षेत्र स्थित आर-एन ग्लोबल स्कूल में मंगलवार को किसान एकता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मीना ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष पप्पे नागर ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड की कथित मनमानी और लापरवाही पर चर्चा करना था।

राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने कहा कि एनपीसीएल की कार्यप्रणाली से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 22 सितंबर 2024 को किसान एकता संघ ने हजारों ग्रामीणों के साथ एनपीसीएल



कार्यालय का घेराव किया था। उस समय पुलिस प्रशासन और एनपीसीएल अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था।

चौधरी सोरन प्रधान ने आगे बताया कि एक वर्ष बीत जाने के बावजूद अलावर्दीपुर डूब क्षेत्र में न तो बिजली कनेक्शन दिए गए हैं और न ही मीटर लगाए गए हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि हक्कष्टरु अधिकारी उनकी समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं, जिससे ग्रामीणों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है।

संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो डूब क्षेत्र के कॉलोनीवासी किसान एकता संघ के साथ मिलकर एक बार फिर बड़ी संख्या में एनपीसीएल कार्यालय का घेराव करेंगे।

बैठक में चौधरी सोरन प्रधान, श्रीकृष्ण बैंसला, भूपेंद्र नागर, अखिलेश प्रधान, शौकत अली चेची, वनीस प्रधान, पप्पे नागर, जेपी नागर, उम्मेद एडवोकेट, आसिफ प्रधान, सुभाष भाटी, दुर्गेश शर्मा, जाहिद खान, शब्बीर खान, डॉ. इरफान खान, डॉ. इमरान खान और भागीरथ कसाना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नोएडा के दोनों एक्सप्रेस वे की बदलेगी स्पीड लिमिट

## 100 की बजाए 75 की जा सकती है, प्राधिकरण ट्रैफिक विभाग से करेगा बातचीत

नोएडा। नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे पर कोहरे के चलते गति सीमा में बदलाव करने की तैयारी है। यहां 15 दिसंबर से नई गति सीमा लागू हो सकती है। हालांकि दोनों प्राधिकरण ने इस मामले में ट्रैफिक विभाग से पत्राचार नहीं किया है। प्राधिकरण ने बताया कि गति सीमा बदलाव के पहले एक्सप्रेस वे पर स्पीड लिमिट के बोर्ड और कई स्थानों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाएंगे। जिससे वाहन चालकों को दिक्कत न हो। सर्दियों में कोहरे के कारण सड़कों पर विजिबिलिटी काफी कम हो जाती है। इसके चलते दुर्घटना होने की संभावना होती है। स्पीड लिमिट कम होने से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। ठंड के कारण सड़कों पर फिसलन रहने से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे और नोएडा एक्सप्रेस वे पर गति सीमा कम करने की योजना बनाई है और और इसे 15 दिसंबर से लागू करने पर विचार है।

### ये हो सकती है लिमिट

प्रबंधन ने सर्दियों के चलते हल्के वाहनों के लिए गति सीमा 100 किलोमीटर से घटाकर 75 किलोमीटर और भारी वाहनों के लिए 80 से घटाकर 60 किलोमीटर प्रति घंटे करने की तैयारी है। इसी तरह नोएडा एक्सप्रेस वे और नोएडा के जोनल रोड और एलिवेटेड रोड की स्पीड लिमिट को कम किया जाएगा। नई स्पीड लिमिट 15 फरवरी तक लागू रहेगी। हालांकि अंतिम निर्णय मौसम पर निर्भर करेगा।

## साइबर ठगी के आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

ग्रेटर नोएडा। जिला न्यायालय ने 1.7 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के एक मामले में आरोपी आसिफ चौधरी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। नोएडा में साइबर क्राइम थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। अभियोजन पक्ष के अनुसार करीब एक साल पहले सेक्टर-50 में रहने वाले वादी सन्मूखा राव गुनिटी ने साइबर क्राइम थाने में तहरीर दी थी कि वह फेसबुक के माध्यम से एक शेयर बाजार निवेश समूह से जुड़े थे। इसके बाद उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल किया गया। इस ग्रुप पर एक ऑनलाइन निवेश ऐप को बड़े वित्तीय संस्थान के रूप में प्रचारित किया गया।

# जेवर में तालाब ओवरफ्लो होने से किसानों की फसल बर्बाद

जेवर। जेवर क्षेत्र के अमरपुर गांव में तालाब ओवरफ्लो होने से किसानों की गेहूं की फसल बर्बाद हो गई है। ग्रामीणों ने इस पर नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि तालाब का गंदा पानी खेतों में फैलकर फसलों को नष्ट कर रहा है।

किसान गजेंद्र नागर, जेपी, हरसुख, कालू, इशुब, फरमान और प्रदीप ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण की लापरवाही के कारण लंबे समय से तालाब की सफाई नहीं की गई। किसानों के अनुसार, यदि समय पर तालाब की मिट्टी और गंदगी निकाली जाती, तो यह समस्या उत्पन्न नहीं होती।

ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में पानी फैलने से केवल फसल का नुकसान ही नहीं हो रहा, बल्कि दुर्गंध और बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को प्राधिकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने तालाब की तत्काल सफाई और पानी की निकासी के लिए ठोस व्यवस्था करने की मांग की।

# बेरोजगार युवाओं को ठगने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

नोएडा। वकार सैफी। पुलिस ने एक बड़े साइबर फ्रॉड रैकेट का पर्दाफाश किया है। थाना साइबर क्राइम और थाना फेस-1 की संयुक्त कार्रवाई में, मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं को ठगने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया गया है। बता दे कि पुलिस ने इस पूरे रैकेट के मास्टरमाइंड, विशाल कुमार को सेक्टर-2 नोएडा से गिरफ्तार किया है। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया है कि वे गिरोह बेरोजगार युवाओं को कॉल करके 4,000 से 25,000 रुपये तक की ठगी रजिस्ट्रेशन फीस या कमीशन के नाम पर करते थे। वे विभिन्न कंपनियों के नाम पर फर्जी मेल



आईडी, कॉल लेटर और अपॉइंटमेंट बॉन्ड जैसे नकली दस्तावेज़ इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए हैं, जिनमें 30 मोबाइल फोन, 29 सिम कार्ड, 19 डेबिट कार्ड और 172 कॉलिंग संबंधित डाटा शामिल है। यह गिरोह 10 से अधिक फर्जी बैंक खातों का इस्तेमाल करता था, जिनमें बेरोजगारों से ठगी गई लाखों रुपये की धनराशि जमा थी। पुलिस ने इन सभी खातों को फ्रीज करा दिया है।

# किफायती फ्लैट योजना को अब तक नहीं मिली मंजूरी

## शासन को भेजा था प्रस्ताव, जर्जर फ्लैट को तोड़कर बनाने थी हाइराइज इमारत

नोएडा। सेक्टर-27 में बनाए जाने वाले किफायती फ्लैट योजना को अब तक शासन ने मंजूरी नहीं दी है। ऐसे में योजना में बदलाव के लिए नोएडा प्राधिकरण ने विचार शुरू कर दिया है। जल्द ही नई योजना तैयार कर यहां फ्लैट बनाए जाएंगे।

नोएडा प्राधिकरण ने अपने कर्मचारियों के लिए सेक्टर-27 के पॉकेट ए में फ्लैट बना रखे हैं। यहां अभी करीब 200 फ्लैट बने हुए हैं। इन फ्लैट को बने हुए 35 साल से अधिक का समय हो चुका है।

ऐसे में यह जर्जर हो गए हैं। कुछ समय पहले प्राधिकरण ने निर्णय लिया था कि इनको तोड़कर नए फ्लैट बनाए जाएंगे।

यहां करीब 17 हजार वर्ग मीटर एरिया में फ्लैट बनाए जाएंगे। यहां बहुमंजिला फ्लैट बनाए जाएंगे। अनुमान के तौर पर करीब 10 मंजिल के बनेंगे। अभी तीन मंजिल तक फ्लैट बने हुए हैं।

### 710 फ्लैट बनाने की थी योजना

नोएडा प्राधिकरण की योजना थी कि यहां प्राधिकरण के कर्मचारियों के साथ-साथ आम लोगों के लिए भी फ्लैट बनाए जाएंगे। ये फ्लैट की कीमत अधिक नहीं रखी जाएगी जिससे कि आम लोगों को यह उपलब्ध हो सकें। इस साल जनवरी महीने में नोएडा प्राधिकरण ने फ्लैट बनाने की योजना तैयार की थी।

अधिकारियों ने बताया कि यहां पर 710 फ्लैट बनाए जाएंगे। हर फ्लैट का साइज करीब 800 वर्ग फिट होगा। इसमें 2 बेडरूम, 1 डाइंग कम डाइनिंग रूम, 1 किचन व 2 बाथरूम बन जाते हैं। इनमें करीब 210 फ्लैट प्राधिकरण के कर्मचारियों व 500 फ्लैट आम लोगों के लिए बनाए जाएंगे।

### ड्रा के जरिए होना था आवंटन

प्राधिकरण की योजना के मुताबिक इन फ्लैट का आवंटन बोली के बजाय ड्रा के जरिए किया जाना था। इसके लिए शासन से अनुमति मांगी थी। री-डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत पहली बार प्राधिकरण ने इस तरह के फ्लैट बनाने की योजना तैयार की थी। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किफायती फ्लैटों से संबंधित प्रस्ताव को शासन से मंजूरी नहीं मिली है। ऐसे में अब नए सरे से योजना तैयार की जा रही है।

# शार्ट न्यूज

## दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर दो बाइकों की टक्कर

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर दो बाइकों की जोरदार टक्कर में एक लोक गायक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने मंगलवार को कोतवाली में आरोपी बाइक सवार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर गुर्जर गांव निवासी मनोज नागर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके भाई सौरभ नागर उर्फ तेजा मंगलवार सुबह किसी काम से दनकौर से बिलासपुर जा रहे थे। सौरभ नागर एक लोक गायक हैं। शिकायत के अनुसार, जब सौरभ दनकौर-सिकंदराबाद रोड से गुजर रहे थे, तभी बिजली घर के पास सामने से आ रहे एक बाइक सवार ने लापरवाही से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में सौरभ की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और उन्हें गंभीर चोटें आईं। उनके पैर में गंभीर चोट लगी है, जिससे हड्डी टूट गई है। घायल अवस्था में परिजनों ने सौरभ को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। मनोज नागर ने आरोपी बाइक सवार की लापरवाही को हादसे का कारण बताते हुए उसके खिलाफ शिकायत की है। पुलिस ने बताया कि शिकायत प्राप्त कर ली गई है और जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डॉलर के मजबूत होने से निर्यातकों को लाभ होगा

नोएडा। शहर के निर्यातकों को डॉलर के मजबूत होने से कारोबार में इजाफा हो रहा है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारोबार डॉलर में ही होता है। ऐसे में डॉलर में रुपये मिलने से पूर्व की तुलना में अधिक रुपये मिलेंगे। इससे निर्यातकों को मुनाफा होगा। हालांकि, डॉलर के मजबूत होने से आयातकों को नुकसान होगा। जिले में गारमेंट एक्सपोर्ट की पांच हजार से अधिक इकाइयां हैं। इनसे करीब 50 हजार करोड़ रुपये का सालाना निर्यात होता है। आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव बंसल ने बताया कि डॉलर के मजबूत होने से निर्यातकों को लाभ होगा। विदेशों से डॉलर में करार होता है।उसी करार के अनुसार ऑर्डर भेजने होते हैं। राजीव बंसल ने बताया कि जिस समय डॉलर से भुगतान किया जाता है, उसी के अनुसार रुपये दिए जाते हैं। यानी आज एक डॉलर की कीमत 90 रुपये है तो आज उन्हें एक डॉलर के 90 रुपये ही मिलेगी। अगर भुगतान 10 दिनों बाद किया जाता है कि उस वक्त एक डॉलर की कीमत 85 रुपये है तो उन्हें 85 रुपये ही दिए जाएंगे। कारोबारी कुलदीप गोयल ने बताया कि डॉलर के मजबूत होने से नए ऑर्डर मिलने की संभावना भी अधिक होती है।

## यौन शोषण के आरोपी की न्यायिक हिरासत निरस्त

ग्रेटर नोएडा। जिला अदालत ने बाल यौन शोषण के एक मामले के आरोपी की न्यायिक हिरासत रिमांड को निरस्त कर दिया। सीबीआई ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया था। न्यायाधीश विजय कुमार हिमांशु ने निर्णय में कहा कि मामले में ठोस सबूतों की कमी है। आरोपी आनंद प्रकाश ने अब तक जांच में पूरा सहयोग किया है। ऐसे में आरोपी को रिहा किया जाता है। यह मामला एक अनाम शिकायत से शुरू हुआ। गृह मंत्रालय द्वारा संचालित साइबर टिप लाइन की 14-सी रिपोर्ट के आधार पर इसकी जांच दिल्ली सीबीआई को मिली थी। रिपोर्ट के आधार पर सीबीआई ने 31 अक्तूबर 2025 को ग्रेटर नोएडा के एसकेए ग्रीन आर्क सोसाइटी निवासी आनंद प्रकाश के खिलाफ आईटी ऐक्ट की धारा 67बी और पॉक्सो एक्ट की धारा 15 में दिल्ली में प्राथमिकी दर्ज की।जांच के दौरान बाद में आईपीसी की कई अन्य धाराएं भी जोड़ी गईं। इसके बाद आरोपी को बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बाद वह 7, 18, 10 और 28 नवंबर और पांच दिसंबर को जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित हुआ, जिसे अदालत ने उसके सहयोग का महत्वपूर्ण आधार माना।

## नोएडा पुलिस पूरे प्रदेश में अव्वल

नोएडा। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस बार जिले के सभी 27 थाने की रैंक पहली रही। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से नवंबर माह की मूल्यांकन रिपोर्ट मंगलवार को जारी हुई। इस उपलब्धि पर आईजीआरएस टीम प्रभारी, सभी थाने के प्रभारी और ऑपरेटर को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पुरस्कृत करने की बात कही है। पुलिस कमिश्नर द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायती पत्रों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए हर माह के प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा की जाती है।इस कारण कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर रैंकिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। आईजीआरएस एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसे सरकार की तरफ से नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित किया गया है। इस प्रणाली का उद्देश्य नागरिकों को एक आसान और प्रभावी माध्यम प्रदान करना है। इसके माध्यम से लोग अपनी शिकायतें दर्ज कर त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का कहना है कि इस प्रणाली के तहत गौतमबुद्ध नगर का नवंबर माह में प्रथम रैंक पर आना एक बड़ी उपलब्धि है। यह नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान का प्रमाण है।

## आभा एप से 70 फीसदी पंजीकरण हो रहे

नोएडा। सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में आभा ऐप के जरिए करीब 70 फीसदी लोग पंजीकरण करा रहे हैं। वहीं, 30 फीसदी मरीज इस सुविधा से नहीं जुड़ पाए हैं। अस्पताल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जिन लोगों के पास सामान्य फोन है या उनका मोबाइल नंबर आधार से लिंक नहीं है, उन्हें इस सुविधा से जोड़ने में परेशानी सामने आ रही है। इन मरीजों को भी जल्द इस सुविधा से जोड़ा जाएगा। अस्पताल प्रशासन के अनुसार वर्ष 2024 में जनवरी से नवंबर तक कुल 8,89,056 मरीजों ने ओपीडी में पंजीकरण कराया था। इसमें 6,22,339 मरीजों का पंजीकरण आभा ऐप के जरिए हुआ था।वहीं, वर्ष 2025 में जनवरी से नवंबर तक कुल 9,59,648 मरीजों ने ओपीडी में पंजीकरण कराया था। इसमें 6,71,753 रोगियों का पंजीकरण आभा ऐप के जरिए हुआ था। अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अजय राणा ने बताया कि आभा योजना के तहत मरीजों के लिए ओपीडी के लिए पंजीकरण कराना और इलाज की प्रक्रिया को काफी सरल बना दिया है। इस सुविधा के शुरू होने से मरीजों को अब लंबी कतारों में खड़े होने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा, डिजिटल रिकॉर्ड्स की सुविधा से मरीजों को बार-बार अपने दस्तावेज ले जाने का झंझट भी खत्म हो गया है। जिला अस्पताल ने प्रदेश में तीसरे स्थान हासिल किया अस्पताल प्रशासन के अनुसार आभा एप पंजीकरण की संख्या के आधार पर देश और प्रदेश में अस्पतालों की रैंकिंग बदलती रहती है।

# कुकरीखेड़ा गन्ना क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण, तौल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

## जिला गन्ना अधिकारी ने कहा बिना एसएमएस पर्ची गन्ना न लाएं किसान, परेशानी बढ़ती है भीड़ से



**पीलीभीत।** जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने आज सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत के कुकरीखेड़ा क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तौल लिपिक रोहित सिंह तौल कार्य करते मिले। केंद्र पर अब तक 6428.93 कुंतल गन्ने की खरीद की जा चुकी थी। निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी ने तौल और पंजीकरण व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी तौल लिपिक अनिवार्य रूप से यार्ड रजिस्टर तैयार रखें, जिसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली नंबर, पहुँचने का समय और किसान का मोबाइल नंबर दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि यार्ड रजिस्टर के क्रम से ही तौल कराई जाए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि एसएमएस पर्ची के बिना आने वाली ट्रॉलियों को यार्ड में न घुसने दिया जाए, क्योंकि इससे अनावश्यक भीड़ बढ़ती है और वास्तविक किसानों को परेशानी होती है। मौके पर मौजूद किसानों ने भी बताया कि कुछ लोग बिना नंबर के तौल का दबाव बनाते हैं। गन्ना अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सीरियल नंबर से ही तौल होगी, और यदि कोई दबाव बनाता है तो तुरंत मिल प्रशासन व गन्ना विभाग को सूचना दी जाए। अनियमितता करने वालों पर कड़ी विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अंत में जिला गन्ना अधिकारी ने कहा कि किसी किसान के साथ भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। निरीक्षण के समय रामभद्र द्विवेदी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक और कई किसान मौजूद रहे।

# लड़की को ब्लेड मारने वाले की लाश गंगा में मिली

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में लड़की को ब्लेड मारने वाले अब्दुल का शव गंगा नदी में उतराता मिला। उसने लड़की पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया था। मना करने पर लड़की के गले-हाथ पर ब्लेड से वार किया और फरार हो गया। पुलिस 4 दिन से उसकी तलाश कर रही थी। इस बीच मंगलवार शाम 4 बजे गंगा नदी में उसका शव मछुआरों ने देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की शिनाख्त की। घटना 5 दिसंबर की कटरा कोतवाली क्षेत्र के गणेशगंज बाजार की है। वारदात के बाद परिजन और क्षेत्र के लोग काफी नाराज थे। सोमवार शाम को हिंदू संगठनों ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर मशाल जुलूस निकालकर हंगामा किया था। इसके बाद लेखपाल-कानूनगो ने आरोपी के घर की नापजोख भी की थी। चर्चा थी कि गिरफ्तारी न होने पर उसका घर गिराया जा सकता है।

# प्रदेश सरकार डेयरी उद्योग को दे रही बढ़ावा, निवेश की अपार संभावनाएं

## दुग्ध आधारित उद्योगों की स्थापना को मिलेगी रफ्तार, मार्केटेबल सरप्लस बढ़ाने पर फोकस

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक राज्य है, लेकिन वर्तमान में संगठित क्षेत्र में मात्र 10 प्रतिशत दूध ही प्रसंस्कृत हो रहा है। इस चुनौती को अवसर में बदलने के लिए प्रदेश सरकार डेयरी उद्योग के विस्तार और नए निवेश को प्रोत्साहित कर रही है।

प्रदेश के सकल दुग्ध उत्पादन में 16 प्रतिशत हिस्सेदारी और तेजी से बढ़ती उपभोक्ता मांग को देखते हुए सरकार ने उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 लागू की है। इस नीति का लक्ष्य हैं। दुग्ध आधारित उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा, पांच वर्षों में 5000 करोड़ का पूंजी निवेश, दुग्ध प्रसंस्करण स्तर को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करना, स्थापित प्रसंस्करण क्षमता को 44 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करना, किसानों को दूध का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना, तकनीकी उन्नयन, आधुनिक मशीनरी व आईटी आधारित समाधान को बढ़ावा देना। नीति के तहत एफपीओ, एमपीसी, सहकारी संस्थाएं और निजी क्षेत्र सभी को अलग-अलग क्षेत्रों में अनुदान और रियायतें दी जा रही हैं।

सरकार नई (ग्रीनफील्ड) डेयरी, पशु आहार निर्माण इकाई, मूल्य संवर्द्धित उत्पाद इकाइयों, कोल्ड चेन, चिलिंग सेंटर, मशीनरी और तकनीकी उन्नयन तक हर क्षेत्र में प्रोत्साहन दे रही है।

इस नीति से प्रदेश में डेयरी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार और निवेश के नए अवसर खुल रहे हैं।

# शार्ट न्यूज

## बिजली बिल राहत शिविर आयोजित

### 22 उपभोक्ताओं ने जमा किया बकाया, 1.80 हजार राजस्व जमा



**बीसलपुर।** बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से मंगलवार को दियोरिया विद्युत उपकेंद्र पर बिजली बिल राहत शिविर का आयोजन किया गया। एसडीओ जगदीश सिंह ने बताया कि राहत शिविर का प्रथम चरण 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा, जिसके दौरान गांवङ्गगांव जाकर बकाएदारों को राहत प्रदान की जाएगी ।राहत शिविर में 22 उपभोक्ताओं ने अपना बकाया बिल जमा किया, जिससे कुल 1.80 हजार रुपये का राजस्व एकत्र हुआ। शिविर में एसडीओ जगदीश सिंह, जेई लक्ष्मीकांत, टीजीटू कुलदीप सहित सभी संविदा कर्मी मौजूद रहे। अधिकारी लगातार लोगों से अपील कर रहे हैं कि निर्धारित तिथि के भीतर शिविरों का लाभ उठाएं।

## मुरादाबाद में वाइन शॉप पर युवक की हत्या

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में सोमवार रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह शराब के ठेके पर खड़ा था, तभी हमलावर आए और उसके सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद हमलावरों ने पत्थर से उसका सिर कूचा। जब उसने दम तोड़ दिया, तब आरोपी वहां से भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। युवक को साईं अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद अस्पताल में परिजनों के साथ भीड़ पहुंची। लोग हंगामा करने लगे, तो हॉस्पिटल के स्टाफ ने दरवाजे लॉक कर दिए। इसके बाद परिजन सड़क पर डेड बॉडी रखकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। युवक की मां बस पर चढ़कर चीखने-चिल्लाने लगी। वह कहने लगीं- जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक बस को आगे नहीं जाने दूंगी। अगर बस आगे बढ़ी, मेरी लाश के ऊपर से गुजरेगी। इस दौरान अस्पताल के सामने की रोड़ पर करीब 20 मिनट तक एक किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों और भीड़ को समझाकर किसी तरह जाम खुलवाया।

## अलीगढ़ में शादी के नाम पर युवक से फ्रॉड

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में शादी के नाम पर युवक से ठगी का मामला सामने आया है। युवक ने शादी के लिए जमीन बेच दी। पहली दुल्हन घर से जेवर लेकर भागी तो लोगों ने युवक की दूसरी शादी करा दी, पर वह भी अगले ही दिन बहाना बनाकर घर से बिना बताए गायब हो गई। दोनों शादी में करीब 3.60 लाख खर्च हो गए। पीड़ित ने एसएसपी से मदद की गुहार की लगाई है। थाना चंडौस के गांव टीकरी भवापुर निवासी हरिज्ञान सिंह ने बताया कि एक साल पहले गांव के ही एक दंपती और उनके साथी ने उससे शादी कराने की बात कही थी। इसके लिए वह तैयार हो गया। शादी के लिए 1.20 लाख रुपए में सौदा पक्का हुआ। रुपए जुटाने के लिए हरिज्ञान को मजबूर होकर अपनी एक बीघा जमीन 4.50 लाख में बेचनी पड़ी। बिचौलियों ने नयाबास थाना अहमदगढ़, बुलंदशहर की रहने वाली एक महिला को लाकर टीकरी में ही उसकी भांवर डलवा दी। पहली रात सब सामान्य रहा, लेकिन सुबह चार बजे दुल्हन सोने के कुंडल और चांदी की पायजेब लेकर भाग निकली। ठगे गए हरिज्ञान ने जब बिचौलियों से बात की तो उन्होंने हाथ खड़े कर दिए।

## जमीनी विवाद में मारपीट के 9 आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज कमिश्नरेट की नवाबगंज पुलिस ने जमीनी विवाद से जुड़े मारपीट के एक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में वांछित 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में की गई। यह घटना 8 दिसंबर 2025 को ग्राम झोखरी आदमपुर में हुई थी। यहां जमीनी विवाद को लेकर एक परिवार के दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया था। आरोप है कि अभियुक्तों ने मुकदमा वादी के भाइयों के साथ गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और लाठी-डंडों व अन्य हथियारों से मारपीट की। इस हमले में वादी पक्ष के लोगों को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की तहरीर के आधार पर थाना नवाबगंज में मुकदमा संख्या 538/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 दिसंबर 2025 को ग्राम आदमपुर झोखरी के पास से सभी 9 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

## लखनऊ में अमीनाबाद पार्किंग शुरू

**लखनऊ।** लखनऊ के अमीनाबाद क्षेत्र में बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए नगर निगम ने पार्किंग बनाई है। मंगलवार को इसका उद्घाटन वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि पार्किंग शुरू होने से जनता के साथ में व्यापारियों को भी सुविधा मिलेगी। नवंबर महीने में सुरेश खन्ना ने अमीनाबाद स्थित घंटाघर पार्क परिसर का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान उन्होंने पार्क में फैले अतिक्रमण और गंदगी को हटाने, स्थान का सौंदर्यकरण करने और यहां एक व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद नगर निगम प्रशासन ने पार्किंग परियोजना को निर्धारित समय में पूरा कर लिया। नई विकसित पार्किंग में कुल 235 वाहनों के खड़े होने की क्षमता है, जिसमें 200 दोपहिया वाहन और 35 चार पहिया वाहन आसानी से पार्क किए जा सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार इस पार्किंग के शुरू हो जाने से अमीनाबाद बाजार में कई साल से चली आ रही पार्किंग अव्यवस्था और जाम की समस्या में कमी आएगी।

# काम की बात : पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्डधारकों को दस से 28 तक मिलेगा अनाज

**ललितपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्डधारक परिवारों को दस दिसंबर से 28 दिसंबर तक निशुल्क अनाज मिलेगा। आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 5557/ आ0पू0रा0-नि:शुल्क वितरण/2024 दिनांक 05.12.2025 के द्वारा अवगत कराया गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह दिसम्बर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का जनपद ललितपुर के अन्त्योदय एवं पात्रगृहस्थी कार्डधारको को दिनांक 10.12.2026 से 28.12.2025 तक आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जाना है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधारको 14 कि0ग्रा0 गेहूँ, 21 कि0ग्रा0 चावल प्रति कार्ड एवं पात्रगृहस्थी कार्डधारको को 2.00 कि0ग्रा0 गेहूँ, 3.00 कि0ग्रा0 फोर्टिफाईट चावल प्रति यूनिट नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। साथ ही अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अक्टूबर से दिसम्बर 2025 के सापेक्ष 03 कि0ग्रा0 चीनी प्रतिकार्ड रू0-18/- प्रति कि0ग्रा0 के दर से रूपया 54/- में वितरण किया जायेगा।

# धान खरीद की होगी हाई-टेक निगरानी, पांच बड़े केंद्रों का भौतिक सत्यापन

## ऑटोमेटिक सिस्टम ढूंढेगा बिचौलिये, किसानों से मोबाइल पर ली जा रही फीडबैक

**पीलीभीत।** जिले में धान खरीद की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था लागू की है।

अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं जिला खरीद अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि जिले के पांच सबसे अधिक स्टॉक वाले केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा।

साथ ही ऑटोमेटिक डिटेक्शन सॉफ्टवेयर बिचौलियों की पहचान करेगा। किसी अन्य गाटा की मिलावट या गलत तरीके से धान तौल कराने पर किसानों और कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी।

धान खरीद का वर्तमान आंकड़ा अब तक 13,863 किसानों से 1,07,847.59 मी.टन धान खरीद, 22,065 लाख रुपये का भुगतान, यानी 89 प्रतिशत भुगतान, 93 प्रतिशत किसानों को 48 घंटे में भुगतान, जिले में 5 लाख बोरे उपलब्ध, कमी नहीं लगातार एसडीएम, तहसीलदार, डीएम व मंडल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण अब तक की कार्रवाई, पूरनपुर में 1 बिचौलिये पर FIR, 51 केंद्र प्रभारियों का 1 दिन का वेतन रोका, PCF/PCU अधिकारियों को नोटिस, 6 प्रभारियों के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि, खाद्य विभाग के 4 प्रभारियों को नोटिस, घुंघचैइया केंद्र पर खरीद में अनियमितता मिलने पर FIR, जिलाधिकारी कंट्रोल रूम द्वारा 5241 किसानों से फोन पर बात कर फीडबैक लिया गया है और उसके आधार पर कार्रवाई जारी है। जन सुनवाई पोर्टल व कंट्रोल रूम पर आई 428 शिकायतों में से 362 का निस्तारण किया जा चुका है।

एग्रीमेंट न करने वाले व एफआरके ऑर्डर न करने वाले राइस मिल का FSSAI लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। अंत में जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की धान विक्रय में किसी भी प्रकार की समस्या, धनराशि मांगने या अनियमितता की स्थिति में तुरंत कंट्रोल रूम पर सूचना दें।

# शिकायतों के निस्तारण में झांसी रेंज ने आठवीं बार किया टॉप

## रेंज के जनपद प्रभारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण कराएं निस्तारण



**ललितपुर।** झांसी माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली में माह नवम्बर 2025 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी आकाश कुलहरि द्वारा बताया गया कि आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर माह नवम्बर 2025 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की मंशानुरूप नियत समय में विधिक निस्तारण किया गया जिससे आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली माह- नवम्बर 2025 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की रैंकिंग में झांसी परिक्षेत्र ने लगातार आठवीं (08) बार प्रथम रैंक प्राप्त की है।

आई.जी. द्वारा प्रभारी आई.जी.आर.एस./ सीसीटीएनएस उ. नि. राजेश सिंह, रेंज कोर्डिनेटर विमल कुमार श्रीवास्तव, मु0आ0 देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रियंका गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए को उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। आई.जी. द्वारा परिक्षेत्र के जनपद प्रभारियों को आई.जी.आर.एस. प्रणाली से प्राप्त शिकायतों का उच्चकोटि की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने एवं जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर शासन के मंशानुरूप पूर्ण मनोयोग से उनकी समस्याओं के विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है जिससे आमजनमानस में पुलिस की उत्कृष्ट छवि, निष्पक्ष कार्यप्रणाली एवं विश्वसनीयता की भावना बरकरार रहे।

# एक वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** महरौनी पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे जनपद मे अपराध की रोकथाम व गैर जमानती अपराधियो व वारण्टियो की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक कालूसिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण मे थाना स्थानीय पर बाँछित वारण्टियाँ / अभियुक्तगणो की तलाश हेतु मुझ प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह के नेतृत्व मे टीमो का गठन किया गया। इसी क्रम मे गठित टीमो के द्वारा थाना क्षेत्र मे तलाश वांछित अपराधी हेतु भ्रमणशील के दौरान वारण्टी अभि0 वारण्टी अभि0 महेन्द्र पुत्र गोरेलाल उम्र करीब 36 वर्ष निवासी ग्राम सिंगेपुर थाना महरौनी जनपद ललितपुर से सम्बन्धित NBW वारण्ट थाना महरौनी धारा 452/323/504/506 आईपीसी न0मु0 523/15 बद्री बनाम अनन्तराम अभियुक्त वारण्टी महेन्द्र पुत्र गोरेलाल उम्र करीब 36 वर्ष निवासी ग्राम सिंगेपुर थाना महरौनी जनपद ललितपुर सम्बन्धित मान) न्यायालय एसीजेएम महरौनी ललितपुर को आज दिनांक मुखबिरखास की सूचना पर उसके घर ग्राम सिंगेपुर से गिरफ्तार किया गया वारण्टी / अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# पूर्व चीफ जस्टिस पर जूता फेंकने वाले वकील पर हमला

## यूपी के राकेश किशोर को चप्पलों से पीटा; लगाए सनातन धर्म की जय के नारे

**उत्तर प्रदेश।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस बीआर गवई पर जूता फेंकने वाले बरेली के वकील राकेश किशोर पर मंगलवार को हमला हुआ है। उनकी एक वकील ने चप्पल से पिटाई कर दी।

इस घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें 71 साल के राकेश किशोर खुद को बचाते दिख रहे हैं। वे सनातन धर्म की जय का नारा भी लगा रहे थे।

राकेश किशोर पर ये हमला दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट में हुआ। हालांकि ये हमला किसने और क्यों किया, इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है।

सोशल मीडिया पर 21 सेकेंड का वीडियो आया है। जिसमें राकेश किशोर हमला करने वाले व्यक्ति से बचते और सवाल करते दिख रहे हैं। उन्होंने पूछा- तू कौन है, मुझे क्यों मार रहा है। इसके बाद राकेश किशोर नारा लगाते दिख रहे हैं, सनातन धर्म की जय हो।

आसपास के वकीलों ने राकेश किशोर को बचाया और हमलावर को दूर किया। इस पूरे मामले को लेकर राकेश किशोर ने अभी तक पुलिस में किसी तरह की शिकायत नहीं दी।

# चौपाल लगाकर महिलाओं-छात्राओं को किया जागरूक



**ललितपुर।** मिशन शक्ति फेज,5.0 के तहत थाना सौजना मिशन शक्ति टीम द्वारा महामना मदनमोहन मालवीय इण्टर कालेज, सौजना में जाकर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 ,सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया। नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें । अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें । प्लेस्टोर से जैनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी ऐप डाउनलोड न करें ।

# पुलिस ने साइबर अपराध के प्रति जनता को किया जागरुक



**ललितपुर।** जखौरा पुलिस ने साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना जखौरा राजीव कुमार वैश व साइबर की टीम द्वारा कस्बा जखौरा में तालबेहट चौराहे पर जनता के लोगो को साइबर अपराध एवं उससे बचाव हेतु लोगो को जागरूक किया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई। डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया ।किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन app ही download करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई app download न करें ।किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें ।सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते ।किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे शेयर न करें , अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें ।कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें ।सभी प्रकार के ईलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें । साइबर फ्राड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, NCCRP पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बं।

# शामली में 50 हजार का इनामी सामा एनकाउंटर में ढेर

## सिपाही के हाथ में लगी गोली; अक्टूबर में पुलिस मुठभेड़ के बाद फरार हो गया था



**शामली।** शामली में 50 हजार का इनामी बदमाश समयदीन उर्फ सामा मुठभेड़ में मारा गया है। एक सिपाही भी हाथ में गोली लगने से घायल हुआ है। पुलिस को देर रात इनपुट मिला कि समयदीन शामली में है और भागने की फिराक में है। इसके बाद पुलिस ने रात 2 बजे घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही उसने फायरिंग की।

जवाब में पुलिस ने भी फायर किया। इसमें समयदीन को गोली लग गई। वह जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस उसे अस्पताल ले गई, जहां उसकी मौत हो गई। मौत से पहले पूछताछ में समयदीन ने बताया कि शामली में दो महीने पहले (18 अक्टूबर) हुए एनकाउंटर में मारा गया नफीस उसका साथी था। 40 साल का समयदीन शामली के ही कांधला का रहने वाला था। अभी कर्नाटक के तुमकूर में रहता था। 18 अक्टूबर शामली में एनकाउंटर के दौरान मारे गए बदमाश नफीस के साथ था। लेकिन, मौका पाकर भाग निकला था। पुलिस के मुताबिक, सामा यूपी में वारदात करने के बाद कर्नाटक भाग जाता था। उसके खिलाफ 23 मुकदमे दर्ज थे। उसके पास से 9 एमएम की पिस्टल और एक तमंचा मिला है।

# भीटी तहसील को मिली प्रदेश में प्रथम रैंकिंग

- समस्या निस्तारण में 350 तहसीलों को पीछे छोड़ बनाया दूसरी बार रिकॉर्ड
- एसडीएम की प्रभावी निगरानी, उत्कृष्ट कार्यशैली से मिली रैंकिंग



विशाल इंडिया पूनम तिवारी

**अंबेडकर नगर।** जनपद में भीटी तहसील ने एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में आइजीआरएस पोर्टल पर संदर्भित समस्याओं के निस्तारण में संपूर्ण प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर नया ऐतिहासिक कीर्तिमान दूसरी बार स्थापित कर अपना परचम लहरा दिया है ।प्रदेश की 350 तहसीलों को पीछे छोड़ते हुए भीटी तहसील ने यह ऐतिहासिक रिकॉर्ड दूसरी बार प्राप्त किया है ।एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि यह तहसील के सभी कर्मियों की निष्ठा व कार्य कुशलता का परिणाम है ।एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने तहसील को प्रथम स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राजस्व अधिकारियों एवं राजस्व कर्मचारियों व अन्य विभागों के कर्मचारियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा व सराहना की है ।उन्होंने कहा कि भविष्य में भी भीटी तहसील की टीम अच्छे से कार्य करते हुए जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय से करते रहने का लिए प्रतिबद्ध है। तहसीलदार भीटी राज कपूर, नायब तहसीलदार भीटी कौशलकान्त मिश्रा ने आईजीआरएस पोर्टल का कार्यभार देख रहे लिपिक व लेखपालों से समन्वयव स्थापित कर समस्या निस्तारण पर जोर देने को उपलब्धि का कारण बताया ।एसडीएम भीटी ने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल पर ज्यादा शिकायत जमीन से जुड़े मामले को लेकर आती हैं जिसे हम लोग कानूनगो और लेखपालों से संबंध स्थापित कर जल्द से जल्द निस्तारण व समय से पहले समस्याओं का समाधान करने पर जोर देते हैं, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट रहें, तथा समय से पहले समस्या का समाधान सुनिश्चित हो सके ।जनपद अंबेडकर नगर की भीटी तहसील को यह सफलता उपजिला अधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह के उत्कृष्ट कार्य और प्रभावी निगरानी के कारण मिली है ।एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह मुख्यमंत्री पोर्टल और आईजीआरएस पोर्टल पर कोई भी आवेदन प्राप्त होने पर अपनी टीम के साथ मौके पर जाकर उसका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित करते रहते हैं। यही कारण है कि उनके संक्षिप्त कार्यकाल में भी भीटी तहसील ने दो बार पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करते हुए अपना लोहा मनवाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया : भीषण आग से दो राज्यों में 40 घरों तबाह, एक दमकल कर्मी की मौत

**कैनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के दो राज्यों में लगी भीषण आग ने 40 घरों को तबाह कर दिया और एक दमकल कर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। ग्रामीण दमकल सेवा आयुक्त ट्रंट कर्टिन ने बताया कि न्यू साउथ वेल्स के बुलाहडेह शहर के पास लगी आग को काबू में करते समय रविवार को 59 वर्षीय दमकल कर्मी की मौत हो गई। इस आग में 3,500 हेक्टेयर जंगल और चार घर नष्ट हो गए।

### इंडोनेशियाई राष्ट्रपति सुबिआंतो आज से पाकिस्तान के दौरे पर

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो सोमवार से पाकिस्तान की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा शुरू करेंगे। पाकिस्तान के विदेश मामलों के कार्यालय ने बताया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हो रही है। सुबिआंतो पीएम शहबाज शरीफ के निमंत्रण पर उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आ रहे हैं। वह शरीफ और राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी व सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मिलेंगे।

### पाकिस्तान : पानी और सफाई पर सिंध विधानसभा में हंगामा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की सिंध विधानसभा में परिवहन, पानी और सफाई पर तीखी बहस हुई, जहां विपक्ष ने कराची और हैदराबाद में बिगड़ते यातायात की आलोचना की, जबकि सरकार ने प्रमुख मार्गों पर सार्वजनिक परिवहन विस्तार का वादा दोहराया। इस दौरान जनरल आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज बनने की बधाई देने पर राजनीतिक दल बंटे नजर आए। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के समर्थित सदस्यों ने शर्म करो के नारे लगाए। हंगामे को देख स्पीकर सैयद अवैस कादिर शाह कादिर शाह ने सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित कर दी।

### बांग्लादेश में छात्रों की पार्टी एनसीपी ने किया गठबंधन

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में होने वाले आम चुनाव से पहले छात्रों के नेतृत्व वाली पार्टी एनसीपी ने रविवार को जमात-ए-इस्लामी से अलग हुए दल अमर बांग्लादेश पार्टी और राष्ट्र संस्कार आंदोलन के साथ मिलकर एक नया गठबंधन बनाया है। इस गठबंधन का नाम गणतांत्रिक संस्कार जोते रखा गया है।

### ब्रिटेन : 171 डिलीवरी राइडर गिरफ्तार, कई भारतीय भी

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश सरकार ने बताया है कि ब्रिटेन भर में चलाए गए एक अभियान में 171 डिलीवरी राइडरों को अवैध रूप से काम करते हुए पकड़ा गया है, जिनमें भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। इन सभी को देश से निर्वासित करने के लिए हिरासत में लिया गया है। गृह ऑफिस की इमिग्रेशन एनफोर्समेंट टीमों ने पिछले महीने ऑपरेशन इक्वलाइज चलाया था। इसके तहत न्यूहैम (पूर्वी लंदन) और नॉर्विच समेत कई शहरों में छापे मारे गए।

### नेपाल में एयरपोर्ट के निर्माण में भ्रष्टाचार पर चीनी कंपनी पर केस

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल की भ्रष्टाचार विरोधी संस्था, कमीशन फॉर इन्वेस्टिगेशन ऑफ एब्यूज ऑफ अथॉरिटी (सीआईएए) ने पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर चीनी कंपनी सहित 55 आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। एक विशेष अदालत में मुकदमा दर्ज करते हुए सीआईएए ने चाइना सीएएमसी इंजीनियरिंग और 54 अन्य को आरोपी बनाया है। सीएमसी इंजीनियरिंग, चीनी कंपनी सिनोमैक के निर्माण प्रभाग की कंपनी है। आरोप है कि ठेकेदार और कंपनी ने गलत इरादे से काम किया।

# छिड़ गई एक और जंग, थाईलैंड ने कंबोडिया पर कर दिया हवाई हमला; धरा रह गया ट्रंप का समझौता

**बैंकॉक, एजेंसी।** दुनियाभर में कई जगहों पर चल रहे युद्ध के संकट के बीच एशिया में एक जंग और छिड़ गई है। थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद दोनों देशों में जबरदस्त गोलीबारी चल रही है। थाईलैंड ने अमेरिकी की मध्यस्थता में चल रहे सीजफायर एग्रीमेंट की वार्ता भी रोक दी है। थाई सेना के मुताबिक कंबोडिया की तरफ से हुई गोलीबारी में उनका एक सैनिक मारा गाय था। इसके बाद इधर से भी जवाबी कार्रवाई की गई।

मेजर जनरल विंथाई सुवारी ने कहा कि चोंग अन मा पास के करीब कंबोडियाई सेना गोलीबारी करती है। वहीं कंबोडिया का कहना है कि थाईलैंड के सैनिकों ने पहले उकसावे की कार्रवाई की थी। थाईलैंड ने कहा है कि सीमा से सटे गांवों से करीब 70 फीसदी लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया गया है। अक्टूबर में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कराए गए एक संघर्षविराम समझौते के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है। इससे पहले दोनों दक्षिण-पूर्व एशियाई पड़ोसी देशों के बीच क्षेत्रीय विवादों ने जुलाई में पांच दिनों तक चले संघर्ष को जन्म दिया था, जिसमें कई सैनिक और आम नागरिक मारे गए थे। कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय की प्रवक्ता माली सोचेता ने कहा कि थाई सेना ने ही सबसे पहले कंबोडियाई सैनिकों पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि कंबोडिया ने सोमवार को शुरुआती हमलों के दौरान जवाबी कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा,



''कंबोडिया अनुरोध करता है कि थाईलैंड तुरंत सभी शत्रुतापूर्ण गतिविधियों को रोक दे, जो क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं। अमेरिका द्वारा कराए गए संघर्षविराम पर पिछले महीने थाई सैनिकों के बारुदी सुरंग की चपेट में आने के बाद खतरा पैदा हो गया था। इसमें थाई सैनिक घायल हो गए थे। ट्रंप ने नवंबर के मध्य में कहा था कि उन्होंने दोनों देशों के बीच युद्ध को रोक दिया है जबकि तनाव अब भी बना हुआ है। युद्ध में उलझने वाले देशों के बारे लेकर लोगों की जिज्ञासा सबसे ज्यादा उनकी सेना को लेकर होती है। आखिर किसकी सेना कितनी ज्यादा शक्तिशाली है और वायुसेना में कितना दम है, तो चलिए आइए जानते हैं कि आखिर थाईलैंड और कंबोडिया में से कौन किसके ऊपर भारी पड़ता है।

**बजट और जमीनी सेना :** रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में कंबोडिया का रक्षा बजट करीब 1.3 अरब डॉलर था। उसके पास करीब 1.24 लाख सक्रिय सैनिक है। कंबोडिया की सेना की स्थापना 1993 में देश की पूर्व कम्युनिस्ट सेना और दो विद्रोही दलों से मिलकर बनी है। इसके अलावा इनके इनके पास करीब 200 सैन्य टैंक और 480 आर्टिलरी गन हैं। वहीं, दूसरी और थाईलैंड के ऊपर अमेरिका का हाथ रखा हुआ है। कंबोडिया के सामने इसका 5.7 अरब डॉलर का भारी भरकम सैन्य बजट हय् अमेरिका के नॉन नाटो सहयोगी के रूप में पहचान रखने वाले थाईलैंड की सेना में 3.60 लाख सक्रिय सैन्य कर्मी हैं। इनके पास 400 टैंक, 1200 से ज्यादा बख्तरबंद गाड़ियां और करीब 2600 आर्टिलरी हथियार हैं। इसके अलावा इनकी सेना के पास विमानन की भी एक अलग शाखा है।

**वायुसेना में भी थाईलैंड ताकतवर :** कंबोडिया की वायुसेना में 1500 सैन्य कर्मी शामिल हैं। इनके पास एक छोटा वायुसैनिक बेड़ा है। इसमें 10 ट्रांसपोर्ट जहाज और 10 ट्रांसपोर्ट हेलीकॉप्टर शामिल हैं। इनके पास कोई फाइटर जेट नहीं है लेकिन 16 अन्य हेलीकॉप्टर हैं, जिनमें 6 सोवियत कालीन एमआई-17 और 10 चीनी जेड-9 विमान शामिल हैं। वहीं, दूसरी तरफ थाईलैंड की वायुसेना दक्षिण पूर्व एशिया की सबसे मजबूत वायुसेना मानी जाती है। इसके पास वायुसेना में करीब 46 हजार सैनिक हैं और 112 विमान युद्ध के लिए तैयार हैं। इनमें से 28 एफ-16, 11 स्वीडिश ग्रिपन जेट और दर्जनों हेलीकॉप्टर शामिल हैं।

**नौसेना भी थाईलैंड आगे :** रिपोर्ट के मुताबिक थाईलैंड की नौसेना में करीब 2800 कर्मचारी हैं, जिनमें 1500 नौसैनिक इन्फ्रेंट्री शामिल हैं। इसके अलावा 13 गश्ती और तटीय पोत और एक लैंडिंग क्राफ्ट है। वहीं, दूसरी ओर थाईलैंड की नौसेना के पास जबरदस्त हथियार प्रणाली है। इसकी नौसेना में 70 हजार कर्मचारी हैं, जिनमें नौसैनिक विमानन, मरीन कोर और तटीय रक्षा और अनिवार्य सैनिक शामिल हैं। इसके अलावा इनके पास एक एयरक्राफ्ट कैरियर, 7 फ्रिगेट, 68 गश्ती और तटीय युद्धपोत शामिल हैं। इसके अलावा इनकी नौसेना की अपनी एक अलग वायु शाखा भी है, जिसके पास कई विमान और हेलीकॉप्टर मौजूद हैं।

**थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सैकड़ों साल से विवाद :** थाईलैंड और कंबोडिया का इतिहास लंबे समय तक खमेर साम्राज्य (कंबोडिया) और सियाम साम्राज्य (थाईलैंड) के बीच टकरावों से जुड़ा रहा है। फ्रांस और ब्रिटिश शासन के दौरान भी दोनों देशों की सीमाओं को तनाव था।

# ऑस्ट्रिया की बर्फीली चोटी पर ठंड में जमकर महिला की मौत, बॉयफ्रेंड पर लापरवाही का आरोप



**वियना, एजेंसी।** ऑस्ट्रिया के सबसे ऊंचे पहाड़ ग्रॉसग्लॉकनर पर 33 साल की एक महिला कर्स्टिन गर्टनर की ठंड में जमकर मौत हो गई। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, कर्स्टिन साल्जबर्ग की रहने वाली थीं और सोशल मीडिया पर खुद को 'विंटर चाइल्ड' और 'माउंटेन पर्सन' कहती थीं।

जनवरी में वह अपने बॉयफ्रेंड थॉमस प्लामबेर्गर के साथ चढ़ाई करने गई थीं। थॉमस 39 साल के हैं और एक अनुभवी माउंटेन गाइड हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों ने अपनी चढ़ाई दो घंटे देरी से शुरू की और ऊपर पहुंचते-पहुंचते मौसम बेहद खराब हो गया। तापमान -20डिग्री सेल्सियस तक गिर गया और हवाएं तूफानी रफ्तार से चल रही थीं। चोटी से सिर्फ करीब 150 फीट नीचे कर्स्टिन बहुत थक गईं, उनका शरीर ठंड से सुन्न होने लगा और वह उलझन में दिख रही थीं।

सरकारी वकील का आरोप है कि इतनी खराब हालत में होने के बावजूद थॉमस रात करीब 2 बजे कर्स्टिन को वहीं छोड़कर मदद लेने निकल गए। उन्होंने न तो उनके ऊपर इमरजेंसी ब्लैंकेट डाला, न ही उनके पास मौजूद सेफ्टी कवर का इस्तेमाल किया।

यहां तक कि थॉमस ने तुरंत रेस्क्यू टीम को कॉल नहीं किया और फोन साइलेंट पर रख दिया, जिससे रेस्क्यू टीम की कॉल्स मिस हो गईं। पहाड़ की वेबकैम फुटेज में भी सिर्फ एक हेडलैंप दिखाई दिया, जो शिखर से दूर जाता हुआ दिखा। तेज हवाओं और खराब मौसम के कारण रेस्क्यू टीम सुबह वहां पहुंच सकी। तब तक कर्स्टिन की मौत हो चुकी थी। थॉमस पर अब ग्रॉस नेग्लिजेंस (गंभीर लापरवाही) से हुई हत्या का आरोप है, और दोषी पाए जाने पर उन्हें तीन साल तक की जेल हो सकती है। उनके वकील का कहना है कि यह बस एक हादसा था। यह केस 19 फरवरी 2026 को इनसब्रुक रीजनल कोर्ट में सुना जाएगा।

# इंसानों सी मानवीयता: मां के बाद बहन का सहारा बना ऑरंगउटान

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के गुनुंग पलुं नेशनल पार्क के घने वर्षावनों में रहने वाले दो मादा ऑरंगउटानों रोसा और रॉनी को वैज्ञानिक लंबे समय तक मां-बेटी समझते रहे। दोनों साथ घूमतीं, एक ही घोंसले में सोतीं और बड़े प्यार से फल साझा करतीं। पर नेशनल ज्योग्राफिक में प्रकाशित नई स्टडी बताती है कि यह रिश्ता असल में मां-बेटी का नहीं, बल्कि बड़ी और छोटी बहन का था। बड़ी बहन रोसा ने मां की मौत के बाद छोटी रॉनी को गोद लेकर पाला। यह ऑरंगउटानों में गोद लेने का पहला विस्तृत वैज्ञानिक दस्तावेज है, जो इन एकाकी जीवों के सामाजिक व्यवहार की नई परतें खोलता है। दुनिया को पहली बार पता चला कि ऑरंगउटान परिवार के बच्चों को गोद देते हैं। बोस्टन यूनिवर्सिटी की मानवविज्ञानी चेरिल नॉट ने डीएनए विश्लेषण कराया तब जाकर दोनों बहनों का सच सामने आया।

**दोनों की उम्र में रहा करीब सात साल का फासला :** सगी मां वेली थी, जो 2016 के बाद जंगल में नहीं दिखी। वेली की छोटी बेटी वाना को अंतिम बार 4 साल की उम्र में देखा गया था। बाद में पता चला कि वाना ही आगे चलकर रॉनी बनी। यानी मां की मौत के बाद बड़ी बहन रोसा ने उसे अपना लिया। 2017 में जब रोसा पहली बार रॉनी के साथ दिखी, वह लगभग 12 वर्ष की थी और रॉनी 5 वर्ष की।



# चीन ने जापानी फाइटर जेट्स को निशाने पर लिया:दो बार फायर-रडार लॉक किया; बीजिंग का आरोपों से इनकार

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान ने चीन पर उसके फाइटर जेट्स को निशाने पर लेने का आरोप लगाया है। जापानी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक घटना शनिवार की है। आरोप है कि चीनी फाइटर जेट्स ने ओकिनावा द्वीप के पास इंटरनेशनल वॉटर्स में जापान की एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स के विमानों पर दो बार फायर-कंट्रोल रडार लॉक किया। यह वह स्टेज है जब कोई फाइटर जेट अपने हथियारों वाला रडार सीधे टारगेट पर लॉक कर देता है। फायर-कंट्रोल रडार को मिसाइल दागने से ठीक पहले लॉक किया जाता है। जापान ने घटना पर चीन को कड़ा विरोध दर्ज कराया है। पीएम साने तकाइची ने इसे खतरनाक बताते हुए चीन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ भविष्य में ऐसी घटना को रोकने के लिए कहा है। हालांकि चीन ने जापान के आरोपों से इनकार किया है।



**चीन ने जापान को जिम्मेदार ठहराया :** चीनी सेना ने इस घटना के लिए जापान को जिम्मेदार ठहराया है। PLA ने कहा है कि जापानी विमानों ने चीनी ट्रेनिंग एरिया में बार-बार घुसपैठ की। इससे अभ्यास बाधित हुआ और उड़ान सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ। घटना के वक्त चीनी कैरियर और तीन मिसाइल डिस्ट्रॉयर अभ्यास कर रहे थे। इस दौरान जापान ने संभावित हवाई सीमा उल्लंघन को रोकने के लिए एफ-15 विमानों को तैनात किया था। जबाव में चीनी जे -15 फाइटर जेट्स ने लिआनिंग एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरते हुए एएसडीएफ के एफ-15 विमानों को रडार से निशाना बनाया। जापानी रक्षामंत्री शिंजिरो कोइज़ुमी के मुताबिक घटना में कोई विमान क्षतिग्रस्त नहीं हुआ।

**ताइवान के मुद्दे पर चीन-जापान में तनाव बढ़ा :** चीन और जापान के पिछले महीने ताइवान को लेकर जापानी पीएम साने ताकाइची के बयान के बाद तनाव बढ़ गया था। दरअसल ताकाइची ने 7 नंवबर को कहा कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो जापान मदद के लिए अपनी सेना भेजेगा। चीन ने इस बयान को बेहद गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाला बताया। इसके अगले ही दिन विवाद और बढ़ गया जब जापान में चीन के काउंसल जनरल शुए जियान ने एक्स पर लिखा कि वह इस मामले में दखल देने वाले की गर्दन काट देंगे। इसके बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को तलब किया। चीन ने अपने नागरिकों को जापान न जाने के लिए आगाह किया है और चेतावनी दी है।

**ताइवान को अपना हिस्सा मानता है चीन :** चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि जापान और अमेरिका ताइवान को स्वतंत्र देश की तरह मान्यता तो नहीं देते, लेकिन अमेरिका उसकी सुरक्षा में मदद करता है और उस पर किसी भी जबरन कब्जे का विरोध करता है। ताइवान जापान से सिर्फ 110 किलोमीटर दूर है।

# बांग्लादेश में चुनाव से पहले छात्र-नेतृत्व वाली नई पार्टी ने जमात से हाथ मिलाया

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में हाल में गठित छात्र नेतृत्व वाली पार्टी एनसीपी ने रविवार को जमात-ए-इस्लामी और एक अन्य समूह के साथ मिलकर फरवरी में होने वाले चुनाव से पहले 'गणतांत्रिक संगस्कार जोट' नामक गठबंधन बनाया। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रोत्साहन से इस वर्ष फरवरी में गठित नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी), स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन (एसएडी) का एक राजनीतिक संगठन है, जिसने पिछले साल हिंसक प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। प्रदर्शन के परिणामस्वरूप पांच अगस्त, 2024 को प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार को सत्ता से बाहर



होना पड़ा था। एनसीपी ने दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी की शाखा अमर बांग्लादेश (एबी) पार्टी और 'राष्ट्र संगस्कार आंदोलन' के साथ गठबंधन बनाया। एनसीपी संयोजक नाहिद इस्लाम ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमारे गठबंधन को 'गणतांत्रिक संगस्कार जोट' कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह दो साल से अधिक के दीर्घकालिक प्रयासों का परिणाम है। इस्लाम सहित तीन छात्र नेता उस सलाहकार परिषद का हिस्सा थे जिसे यूनुस ने आठ अगस्त, 2024 को मुख्य सलाहकार का पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद गठित किया था। हालांकि, इस्लाम ने एनसीपी के गठन के लिए अपना पद छोड़ दिया। बांग्लादेश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी, जमात-ए-इस्लामी ने फरवरी में होने वाले चुनावों के लिए समान विचारधारा वाले राजनीतिक संगठनों के बीच एकजुटता बनाने के अपने प्रयासों के तहत हाल में आठ इस्लामी दलों का गठबंधन बनाया। यूनुस की सरकार ने हसीना की अवामी लीग को भंग कर दिया था। इस कारण से पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) देश के राजनीतिक क्षेत्र में अग्रणी बन गई थी। जिया वर्तमान में गंभीर रूप से बीमार हैं। जिया की बीएनपी का संचालन उनके बड़े बेटे और पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान द्वारा किया जा रहा है, जो 2008 से लंदन में रह रहे हैं।

# 'आपको आईसीई के एजेंटों का आदेश न मानने का हक..', छापेमारी के बीच प्रवासियों से बोले जोहरान ममदानी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क शहर के अगले मेयर जोहरान ममदानी ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने बताया कि प्रवासियों को अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी (आईसीई) के एजेंटों से बात न करने या उनके आदेशों का पालन न करने का अधिकार है। यह वीडियो ऐसे समय में जारी किया गया है, जब आईसीई ने मैनहैटन में हाल ही छापेमारी की है।

वीडियो में ममदानी ने शहर के 30 लाख प्रवासियों की सुरक्षा का वादा किया। उन्होंने कहा, 'अगर आप अपने अधिकार जानते हैं, तो आप आईसीई का सामना कर सकते हैं। ममदानी ने कहा कि अमेरिका में लोग संघीय आव्रजन एजेंटों से बात करने से इनकार कर सकते हैं। उन्हें बाधा पहुंचाए बिना उनका वीडियो रिकॉर्ड कर सकते हैं और उन्हें किसी निजी स्थान में प्रवेश करने से मना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आईसीई एजेंट किसी जज के हस्ताक्षर वाले वारंट के बिना किसी घर, स्कूल या कार्यस्थल में प्रवेश नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा, आईसीई आपसे झूठ बोल सकता है, लेकिन आपको चुप रहने का अधिकार है। अगर आपको रोका जा रहा है, तो आप बार-बार पूछ सकते हैं- क्या मैं जा सकता हूं? जब तक वे जवाब न दें। ममदानी एक जनवरी को मेयर पद



की शपथ लेंगे। उनकी यह टिप्पणी उस घटना के एक सप्ताह बाद आई, जब प्रदर्शनकारी चाइनाटाउन के पास कैनाल स्ट्रीट पर उस समय एकत्र हो गए थे। आईसीई एजेंट लोगों को हिरासत में लेने की कोशिश कर रहे थे। पिछले अक्तूबर में भी इसी इलाके में ऐसी ही कार्रवाई के दौरान विरोध प्रदर्शन हुआ था। ममदानी ने रविवार के वीडियो में कहा, न्यूयॉर्क हमेशा प्रवासियों का स्वागत करेगा और मैं हर दिन उनकी सुरक्षा, सहयोग और सम्मान के लिए लड़ता रहूंगा। कुछ हफ्ते पहले ममदानी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ भी व्हाइट हाउस में बैठक की थी। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में न्यू ऑरलियन्स सहित कई अमेरिकी शहरों में अवैध प्रवासियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर छापेमारी शुरू की है।

# जेलेंस्की ने पढ़ा तक नहीं यूएस का प्रस्ताव, ट्रंप कैसे रुकवा पाएंगे युद्ध; किस मूड में है रूस

**कीव, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को दावा किया कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की उनके देश द्वारा तैयार किए गए उस शांति प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के लिए 'तैयार नहीं हैं'। इसका उद्देश्य रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना है। दोनों मुल्कों के बीच फरवरी 2022 से ही सैन्य संघर्ष जारी है। रूस और यूक्रेन के बीच मतभेदों को कम करने के उद्देश्य से शनिवार को अमेरिकी और यूक्रेनी वार्ताकारों ने तीन दिन की बातचीत पूरी की लेकिन रविवार रात पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने संकेत दिया कि वार्ता को आगे बढ़ने से रोकने वाले जेलेंस्की ही हैं। ट्रंप ने कहा, 'मुझे थोड़ी निराशा है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अभी तक इस प्रस्ताव को नहीं पढ़ा है, कुछ घंटे पहले तक यही स्थिति थी। उनकी टीम को यह पसंद है, लेकिन उन्होंने इसे नहीं पढ़ा।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि रूस को इससे कोई दिक्कत नहीं है लेकिन यह पक्का नहीं कि जेलेंस्की को यह ठीक लगे। उनकी टीम को यह पसंद है लेकिन वह तैयार नहीं हैं।' रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की योजना को सार्वजनिक रूप से मंजूरी नहीं दी है। वास्तव में पिछले सप्ताह पुतिन ने कहा था कि ट्रंप के प्रस्ताव के कई पहलू अव्यावहारिक हैं। हालांकि, प्रस्ताव का मूल मसौदा मॉस्को के पक्ष में अधिक झुका हुआ था। जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि उन्होंने उन अमेरिकी अधिकारियों के साथ 'फोन पर महत्वपूर्ण बातचीत' की है, जो फ्लोरिडा में यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें वार्ता की प्रगति के बारे में फोन पर जानकारी दी गई। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'यूक्रेन अमेरिका के साथ ईमानदारी से काम जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वास्तविक शांति हासिल की जा सके।' ट्रंप ने



जेलेंस्की की आलोचना ऐसे वक्त में की है जब रविवार को रूस ने ट्रंप प्रशासन की नई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का स्वागत किया। इसी बीच, अधिकारियों ने बताया कि ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के नेता सोमवार को लंदन में जेलेंस्की के साथ बैठक करेंगे। हमले जारी रूस द्वारा रविवार रात को किए गए मिसाइल और ड्रोन हमलों में यूक्रेन में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से तीसरे दिन की वार्ता समाप्त हो गई है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी चेर्निहिव क्षेत्र में शनिवार रात हुए ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई। इस बीच, केंद्रीय शहर क्रेमेन्चुक में बुनियादी ढांचे पर मिसाइल और ड्रोन के संयुक्त हमले से बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हो गई। यह शहर यूक्रेन की प्रमुख तेल रिफाइनरियों और औद्योगिक केंद्रों में से एक है। कीव और उसके पश्चिमी सहयोगियों का कहना है कि रूस लगातार चौथी बार सर्दियों में यूक्रेन की ऊर्जा प्रणाली को निशाना बनाकर नागरिकों को गर्मी, रोशनी और पानी से वंचित करने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेनी अधिकारियों ने इसे 'ठंड को हथियार बनाना' बताया। हमलों के बीच, राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि उन्होंने फ्लोरिडा में चल रही वार्ता में शामिल अमेरिकी अधिकारियों से फोन पर बातचीत की। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर लिखा,'यूक्रेन अमेरिकी पक्ष के साथ ईमानदारी से काम जारी रखने और शांति बहाल के लिए दृढ़ संकल्पित है।' यूक्रेन के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निवर्तमान दूत कीथ केलॉग ने कहा कि वार्ता 'अंतिम चरण' में है और इसका समाधान भूभाग, मुख्य रूप से डोनबास, तथा जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र से जुड़े मुद्दों पर निर्भर करता है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 10 दिसंबर 2025
Www.vishalindia.in

# आईपीएल 2026 की नीलामी सूची घोषित; 350 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने 2026 सीज़न के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सूची को अंतिम रूप दे दिया है। आईपीएल द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस सूची में 350 खिलाड़ी शामिल हैं, जिन पर 16 दिसंबर को अबू धाबी में होने वाली आगामी नीलामी में बोली लगाई जाएगी। नीलामी के लिए पंजीकृत 1,390 खिलाड़ियों में से 350 को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिनमें 240 भारतीय और 110 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। इस सूची में 224 अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी और 14 अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो इस साल की नीलामी में नई प्रतिभा और गहराई ला रहे हैं।

फ्रैंचाइज़ी कुल 77 उपलब्ध स्लॉट के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिनमें से 31 विशेष रूप से विदेशी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं। 350 खिलाड़ियों में से 40 खिलाड़ियों ने खुद को अधिकतम आधार मूल्य 2 करोड़ रुपये में सूचीबद्ध किया है, जिनमें वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई केवल दो भारतीय हैं। नीलामी मंगलवार को दोपहर 2:30 बजे (यूएई समयानुसार दोपहर 1:00 बजे) शुरू होगी। 40 खिलाड़ियों ने अपनी आरक्षित कीमत 2 करोड़ रुपये रखी है, जबकि 9 खिलाड़ी 1.5 करोड़ रुपये की श्रेणी में हैं। चार खिलाड़ियों ने 1.25 करोड़ रुपये और 17 खिलाड़ियों ने 1 करोड़ रुपये की आरक्षित कीमत चुनी है। 75 लाख रुपये की श्रेणी में 42 खिलाड़ी हैं और चार खिलाड़ियों ने 50 लाख रुपये की श्रेणी चुनी है।

इसके अलावा, सात खिलाड़ियों का आरक्षित मूल्य 40 लाख रुपये है, और 227 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा समूह 30 लाख रुपये के वर्ग में है। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन, जिनके सबसे महंगे खिलाड़ियों में से एक होने की उम्मीद है, क्योंकि कई टीमें एक आक्रामक ऑलराउंडर की तलाश में होंगी, ने बल्लेबाज के रूप में पंजीकरण कराया है और पहले सेट में शामिल होंगे। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक, जॉर्ज लिंडे और श्रीलंका के डुनिथ वेल्लालेज, जो पहले सूची में नहीं थे, को अंतिम रोस्टर में शामिल किया गया है।



# दुर्गेश्वरी राठौर का अन्र्त विश्वविघालयीन हॉकी प्रतियोगिता के लिए चयन




**धार (एजेंसी)।** खेल और युवा कल्याण विभाग धार द्वारा संचालित हॉकी फीडर सेंटर धार की प्रशिक्षणार्थी दुर्गेश्वरी राठौर का चयन देवी अहिल्या विश्वविघालय इन्दौर के अन्र्त विश्वविघालय हॉकी दल में चयन हुआ है। दुर्गेवश्वरी राठौर ने होल्कर विज्ञान महाविघालय इन्दौर में आयोजित संभाग स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेकर श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन कर इस उपलब्धि को प्राप्त किया।

उक्त प्रतियोगिता का आयोजन राज्य स्तरीय अन्र्त विश्वविघालयीन प्रतियोगिता दिनांक 09 दिसम्बर 2025 से 12 दिसम्बर 2025 तक बालाघाट में सम्पन्न होगी। इसके पश्चात् यह दल पूणे (महाराष्ट्र) में आयोजित जोनल स्तरीय अन्र्त विश्वविघालयीन में भाग लेगी।

दुर्गेवश्वरी राठौर की इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी, राजेश शाक्य, जिला हॉकी संघ अध्यक्ष, छोटु शास्त्री, रक्षित निरीक्षक, पुरूषोत्तम बिश्नोई, खेल अधिकारी उमंग अग्रवाल ने बधाई दी।

दुर्गेवश्वरी राठौर हॉकी फीडर सेंटर धार के प्रशिक्षक मनीष सोलंकी से नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। उक्त जानकारी हॉकी प्रशिक्षक मनीष सोलंकी ने दी।

# विराट स्पोर्ट्सवियर ब्रांड वन8 बेचकर एजिलिटास में हिस्सेदारी खरीदेंगे



**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि वह अपना स्पोर्ट्सवियर ब्रांड वन8 एजिलिटास स्पोर्ट्स बेच रहे हैं। विराट इससे मिलने वाली 40 करोड़ रुपये की रकम जिलिटास स्पोर्ट्स में ही निवेश करेंगे। अभिषेक गांगुली की एजिलिटास स्पोर्ट्स एक वर्टिकली इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग-टू-रिटेल स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म है। विराट इसमें एक निवेशक के तौर पर शामिल हो रहे हैं। एजिलिटास उत्पादन, आर एंड डी, ब्रांड-निर्माण और खुदरा वितरण के क्षेत्र में काम करती है। 2023 में इस कंपनी ने स्पोर्ट्स फुटवियर बनाने वाली कंपनी मोचिको शूज को खरीदा था। इससे कंपनी की घरेलू और निर्यात क्षमता बढ़ी थी।

वहीं वन8 एक स्पोर्ट्सवियर ब्रांड है। विराट इसके सह-संस्थापक रहे हैं। यह ब्रांड स्पोर्ट्सवियर, कपड़े, फुटवियर और एक्सेसरीज से जुड़ हुआ है। एजिलिटास की ओर से कहा गया है कि कोहली और गांगुली के बीच पिछली कुछ समय में साझेदारी बढ़ी है। इसी के तहत ही वन8 को लेकर करार हुआ है। कंपनी ने आगे कहा कि कोहली के पास अब तक केवल वन8 में निवेश करने का विकल्प था पर एजिलिटास की उत्पादन, डिजाइन, आर एंड डी, और वितरण क्षमता को देखते हुए उन्होंने इसका शेयरधारक बनना तय किया है।

विराट का वन8 को एजिलिटास को बेचने का फैसला भविष्य की योजनाओं के तहत ही है। वहीं विराट ने कहा, अभिषेक के साथ मेरा रिश्ता बहुत वास्तविक है। एक दिन, जब मैं यूं ही अपनी कुछ बनाने की इच्छा के बारे में बात कर रहा था, तो उसने कहा, चलो करते हैं और इस तरह वन8 शुरू हुआ। खेल ने मेरी जिंदगी बनाई है। मूवमेंट, कम्फर्ट और परफॉर्मेंस ही मेरे लिए सब कुछ हैं। यही सोच ब्रांड में बदल गयी। मैं हमेशा स्टाइल के लिए स्पोर्ट्स-फर्स्ट के क्षेत्र में जाना चाहता था।वहीं अभिषेक गांगुली ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत से स्पोर्ट्स में एक हाई-परफॉर्मेंस ब्रांड बनाना है।

# श्रेयस की वापसी का फैसला इसी माह जांच रिपोर्ट के बाद होगा




**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया दौरे में पसलियों में चोट लगने के बाद से ही भारतीय टीम से बाहर चल रहे भारतीय टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की वापसी का फैसला इसी माह आने वाली उनकी अल्ट्रासाउंड स्कैन रिपोर्ट के आधार पर होगा। उनकी वापसी अब अगले साल ही होगी। जांच रिपोर्ट के बाद पता चलेगा कि वे कब से आधिकारिक पुनर्वास प्रक्रिया शुरू कर सकेंगे। इसी स्कैन के आधार पर उनकी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी तय हो सकती है। गौरतलब है कि सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय के दौरान अय्यर की बाईं पसली पर चोट लगी थी, जिसके कारण वह आईसीयू में भी भर्ती थे। इसके बाद से ही उन्हें तुरंत चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। अल्ट्रासाउंड स्कैन से पता चलेगा कि उनकी चोट कितनी ठीक हुई है। इसके बाद विशेषज्ञों की टीम उनका पूरा रिहैब प्लान तैयार करेगी। हल्के कंडीशनिंग से लेकर क्रिकेट-विशेष ट्रेनिंग तक का फैसला होगा। अभी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उनकी वापसी में किसी भी तरह की जल्दबाज़ी से बचना चाहती है और 100 फीसदी फिट होने पर ही उन्हें खेलने दिया जाएगा। अय्यर पिछले कुछ वर्षों से एकदिवसीय टीम के मध्यक्रम के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 और एकदिवसीय विश्वकप में उनकी अहम भूमिका रही है। उनकी गैरमौजूदगी के कारण अब भारतीय टीम को नए विकल्पों को आजमाना पड़ा है पर कोई भी सफल नहीं रहा है। वहीं गेंदबाजी कोच मॉर्ने मोर्केल ने बताया कि अय्यर ने शुरुआती रिहैब शुरू कर दिया है और वे लगातार प्रगति कर रहे हैं। हालांकि, न्यूज़ीलैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में उनका खेलना लगभग संभव नहीं है।

# हेजलवुड एशेज क्रिकेट सीरीज से बाहर हुए, अब अगले साल वापसी करेंगे : मैकडोनाल्ड



ब्रिसबेन (ईएमएस) I ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण एशेज क्रिकेट सीरीज से बाहर हो गए हैं I हेजलवुड जैसे शीर्ष स्तर के गेंदबाज का टीम से बाहर होना मेलबान टीम के लिए करारा झटका कहै I अब हेजलवुड नये साल में ही खेल में वापसी करेंगे I ऑस्ट्रेलियाई टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि हेजलवुड अब अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप से वापसी करेंगे I मैकडोनाल्ड ने कहा, 'वह सीरीज से बाहर रहेंगे और अब उनका लक्ष्य विश्वकप में खेलना होगा I एशेज से उनका बाहर होना काफी निराशाजनक है I हमें उम्मीद थी कि वह सीरीज में अहम भूमिका निभाएंगे पर बदकिस्मती से वह चोटिल हो गये I' गौरतलब है कि हेजलवुड पिछले एक दशक से ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभालते रहे हैं I वहीं राहत की बात ये है कि कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस फिट हो गये हैं और वह 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करेंगे I कमिंस ने अभ्यास भी किया है और इस दौरान उन्हें कोई परेशानी नहीं आई I अब तीसरे टेस्ट में कमिंस एक बार फिर कप्तानी संभालेंगे I कमिंस के नहीं रहने पर पहले दोनो ही मैचों में स्टीव स्मिथ ने ऑस्ट्रेलियाई एकादश की कप्तानी संभाली थी I

# वेंकटेश अय्यर को लेकर ये क्या बोल गए केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर?




**मुम्बई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा रिलीज़ किए जाने के बाद, वेंकटेश अय्यर 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की मिनी-नीलामी में वापस आ गए हैं। डीडी स्पोर्ट्स पर द ग्रेट इंडियन क्रिकेट शो में बोलते हुए, केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने बताया कि कैसे ट्रायल के दौरान वेंकटेश अय्यर के आँकड़ों की बजाय उनके रवैये ने उनका ध्यान खींचा।

द ग्रेट इंडियन क्रिकेट शो की एक विज्ञप्ति के अनुसार, नायर ने कहा कि मैंने उन्हें उनके रवैये के कारण चुना था।

पहले दिन, वेंकटेश अय्यर ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उन्होंने कभी हमारी तरफ देखा या किसी को खुश करने की कोशिश नहीं की। मुझे लगा कि उनमें बहुत ज़्यादा रवैया है। उन्होंने आगे कहा कि दूसरे दिन, हमने उसे खेलने का मौका दिया। आखिरी ओवर में, जब हमारे गेंदबाज़ को ऐंठन हुई, तो वेंकी बाउंड्री से चिल्लाया, %मैं आखिरी ओवर डालूँगा। उसने गेंदबाजी की और 18 रन दिए, लेकिन मुझे उसकी विपरीत परिस्थितियों का सामना करने की तत्परता बहुत पसंद आई। उन्होंने कहा कि उसके लिए यह परीक्षा कम मायने रखती थी, खुद को यह साबित करने से ज़्यादा कि वह सही काम कर रहा है। यह विश्वास मेरे साथ रहा।

2021 में, वेंकटेश ने तूफानी शुरुआत की और अपने पहले सीज़न में दस मैचों में 370 रन बनाए, जिससे केकेआर फाइनल में पहुँच गया, लेकिन वे चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से हार गए। 2024 में अपने खिताब जीतने वाले वर्ष में, इस बाएं हाथ के बल्लेबाज़ ने फिर से 370 रन बनाए। 2025 में हालात मुश्किल लग रहे थे, क्योंकि उन्होंने 11 मैचों में एक अर्धशतक के साथ 20.28 की औसत से 142 रन बनाए।

# पांड्या जैसे ऑलराउंडर का टीम में होना जरुरी : संजय बांगड़

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने कहा है भारतीय टीम के पास अभी हार्दिक पांड्या से बेहतर ऑलराउडर कोई नहीं है I पांड्या की हालांकि फिटनेस एक समस्या है और इसी कारण वह कई अवसरों पर टीम से बाहर रहे हैं I बांगड़ ने कहा, 'उस तरह का ऑलराउंडर बनने के लिए आपको अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में से किसी भी एक के बल पर टीम में जगह बनाने में सक्षम होना चाहिए I' बांगड़ ने कहा, 'टीम प्रबंधन को उनके जैसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों के कार्यभार का प्रबंधन करना चाहिए। हार्दिक जैसा खिलाड़ी अगर पूरी तरह से फिट हो तो वह संतुलन पैदा करता है और उसकी मौजूदगी से टीम मनचाहा संयोजन तैयार कर सकती है I इसलिए उनका टीम में होना बेहद जरुरी है I' बांगड़ ने कहा, 'विश्व क्रिकेट के सभी ऑलराउंडरों को देखें तो अभी इंग्लैंड के पास बेन स्टोक्स जैसा कोई अन्य खिलाड़ी तैयार है I वहीं हार्दिक पांड्या के साथ भी यही स्थिति है I' पांड्या अकेले अपनी बल्लेबाजी के बल पर शीर्ष पांच में जगह बना सकते हैं I वहीं गेंदबाजी में भी वह किसी भी टीम के शीर्ष तीन तेज गेंदबाजों में से एक हो सकते हैं I' वहीं हार्दिक के कार्यभार प्रबंधन पर बात करते हुए बांगड़ ने कहा कि उन्हें तीन मैच ही खेलने चाहिए I उन्होंने कहा, 'हमें देखना होगा कि वह हालातों से कैसे तालमेल बिठाते हैं I विश्व कप से पहले उन्हें कितने मैच खेलने चाहिये I ये अभी तय नहीं किया जा सकता है I' वहीं शुभमन गिल को लेकर बांगड़ ने कहा कि टेस्ट कप्तान के रूप में गिल की प्रगति से उन्हें अन्य प्रारूपों में भी फायदा होगा I उन्होंने कहा, 'पिछले एक साल में टेस्ट क्रिकेट में इतना अच्छा प्रदर्शन करने के बाद शुभमन का आत्मविश्वास बढ़ा है, उससे भी उन्हें लाभ हुआ है I वह मानसिक रूप से अधिक मजबूत खिलाड़ी बन गए हैं I टेस्ट कप्तान के रूप में अतिरिक्त ज़िम्मेदारी लेने से वह एक बेहतर खिलाड़ी बन गए हैं I'




# तीसरे टेस्ट में जीत के साथ सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने उतरेगी ऑस्ट्रेलिया

**–कमिंस की वापसी से गेंदबाजी मजबूत होगी : मैकडोनाल्ड**




**एडिलेड (एजेंसी)।** एशेज में पहले दो टेस्ट मैचों में जीत से उत्साहित ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम अब 17 दिसंबर से शुरु होने वाले तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को हराकर सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने के इरादे से उतरेगी। पहले दोनो ही मैच में इंग्लैंड टीम किसी भी क्षेत्र में उसके सामने टिक नहीं पायी। ऐसे सें तीसरे टेस्ट में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत की प्रबल दावेदार है। इस मैच में नियमित कप्तान पैट कमिंस की वापसी से भी टीम को लाभ होगा। कमिंस एक बेहतरीन तेज गेंदबाज और उनके आने से इंग्लैंड की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। कमिंट फिट नहीं होने के कारण पहले दोनो ही मैचों से बाहर थे। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, कप्तान कमिंस वापसी के लिए तैयार हैं पर एक अन्य तेज गेंदबाज जोस हेजलवुड फिट नहीं होने से सीरीज से बाहर हो गये हैं।

मैकडोनाल्ड ने कहा, कमिंस की एडिलेड में तैयारी को लेकर कोई चिंता नहीं है। उन्होंने पिछले चार माह से क्रिकेट नहीं खेली है पर इसके बाद भी वह लय में हैं। उन्होंने फिट होने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने अभ्यास सत्र में अपनी फॉर्म और फिटनेस दिखाई है। इसलिए हमें लगता है कि वह तैयार हैं।वहीं उन्होंने कहा कि पिछले टेस्ट से बाहर उस्मान ख्वाजा को एडिलेड टेस्ट में जगह मिल सकती है पर वह सलामी नहीं मध्यक्रम के बल्लेबाजी के तौर पर उतरेंगे। साथ ही कहा कि पिछले मैचों में ट्रैविस हेड और जेक वेदराल्ड का प्रदर्शन सलामी बल्लेबाज के तौर पर अच्छा रहा है, इसलिए वे दोनो ही पारी शुरु करेंगे। उन्होंने कहा कि नाथन लियोन को अंतिम ग्यारह में अवसर मिलना तय है। उन्हें दूसरे मैच में शामिल नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भी अब ठीक है और तीसरे मैच में खेलेंगे।

# दूसरे टेस्ट में मैट हैनरी सहित तीन अनुभवी खिलाड़ियों के बिना ही उतरेगी न्यूजीलैंड



क्राइस्टचर्च I न्यूजीलैंड को बुधवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले करारा झटका लगा है I न्यूजीलैंड टीम को इस मैच में मैच तीन अनुभवी खिलाड़ियों मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिचेल सेंटनर के बिना ही उतरना पड़ेगा I ये तीनों ही पहले टेस्ट में घायल हो गये थे और अभी तक नहीं उबरे हैं I ये तीनो ही स्टार खिलाड़ी तीसरे ओर अंतिम मैच में भी नहीं खेलेंगे। जिसकी वजह से वह कैरेबियन जायंट्स के खिलाफ दूसरे और तीसरे हेनरी और स्मिथ के चोटिल होने के बाद अनकैप्ड तेज गेंदबाज माइकल रे को न्यूजीलैंड ने शामिल किया है I वहीं क्रिस्टियन क्लार्क को अपनी टीम में जगह मिली है I रे ने वारविकशायर के लिए काउंटी क्रिकेट खेला है, जिसमें उन्होंने 30.28 की औसत से 14 विकेट लिए हैं I कुल मिलाकर दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 69 फर्स्ट–क्लास मैचों में 205 विकेट लिए हैं I 30 साल के इस खिलाड़ी के नाम फर्स्ट–क्लास क्रिकेट में आठ बार चार विकेट और तीन बार पांच विकेट हॉल हैं I वहीं फर्स्ट–क्लास में 24 साल के क्लार्क ने 27 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 33 की औसत से 77 विकेट लिए हैं I

इस सीरीज का पहला मैच ड्रॉ रहा था I

# हीरो हॉकी महिला लीग इस माह के अंत में, पुरुष लीग अगले साल की शुरुआत में

रांची I हीरो हॉकी इंडिया के महिला लीग मुकाबले इसी माह 28 दिसंबर से 10 जनवरी तक रांची में खेले जाएंगे जबकि पुरुष लीग 3 से 26 जनवरी तक चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में आयोजित की जाएगी I हीरो हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, पिछले सत्र की सफलता के बाद हमें इस बार और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे I हमने पुरुष लीग को तीन शहरों में रखा है जिससे अधिक से अधिक प्रशंसक इस विश्वस्तरीय हॉकी का आनंद ले पायें I' वहीं हॉकी इंडिया लीग की गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा, हीरो हॉकी इंडिया लीग में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को खेलते हुए देखने का अवसर मिलेगा I ऐसे में आगामी सत्र अब तक का सबसे बेहतर सत्र होगा I इस कार्यक्रम के दौरान रांची रॉयल्स का आधिकारिक लोगो भी जारी किया गया I ये लोगो टीम की जीवंत भावना और झारखंड की समृद्ध हॉकी विरासत के साथ मजबूत संबंध को दिखाता है I महिला लीग में कुल 13 मैच खेले जाएंगे I इसमें शामिल चार टीमों रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब, और श्राची रारह बंगाल टाइगर्स के बीच डबल राउंड–रॉबिन प्रारूप में मुकाबले होंगे I वहीं अंक तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच 10 जनवरी को फाइनल होगा I इस टूर्नामेंट में नीदरलैंड, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और ग्रेट ब्रिटेन जैसे 10 से अधिक देशों की महिला खिलाड़ी भाग लेंगी I वहीं पुरुष लीग 3 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक चलेगी I पहला चरण चेन्नई में, दूसरा रांची में और तीसरा भुवनेश्वर में होगा I पुरुष लीग में आठ टीमें तमिलनाडु ड्रैगन्स, हैदराबाद तूफान, जीएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स (वर्तमान चैंपियन), वेदांता कलिंग लांसर्स, रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स और एचआईएल गवर्निंग काउंसिल हिस्सा लेंगी I पुरुष लीग में 33 मैच खेले जाएंगे, जिनमें अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी, इंग्लैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे शीर्ष हॉकी राष्ट्रों के खिलाड़ी शामिल होंगे I सभी टीमें सिंगल राउंड–रॉबिन प्रारूप में एक–दूसरे से खेलेंगी I शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी I क्वालिफायर 1 और एलिमिनेटर 23 जनवरी (भुवनेश्वर) को खेला जाएगा I वहीं दूसरा क्वालिफायर 25 जनवरी को खेला जाएगा I

# श्रीलंका के खिलाफ टी20 के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान, 17 और 19 साल की युवा प्लेयर्स को मौका

नई दिल्ली । गुनालन कमालिनी और वैष्णवी शर्मा को श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर होने वाली पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए मंगलवार को भारतीय महिला टीम में पहली बार शामिल किया गया I यह श्रृंखला 21 से 30 दिसंबर तक खेली जाएगी जिसके शुरुआती दो मैच विशाखापत्तनम में और बाकी तीन मैच तिरुवनंतपुरम में होंगे। 17 साल की विकेटकीपर बल्लेबाज कमालिनी ने महिला प्रीमियर लीग (WPL) में मुंबई इंडियन्स के लिए नौ मैच खेले हैं लेकिन 19 साल की वैष्णवी को WPL नीलामी में शामिल नहीं किया गया था I कमालिनी और वैष्णवी को राधा यादव और उमा छेत्री के स्थान पर टीम में जगह दी गई है जो पिछले महीने एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं। कमालिनी और वैष्णवी के अलावा टीम में सभी जाने–पहचाने नाम शामिल हैं I हरमनप्रीत कौर टीम की कप्तानी कर रही हैं जबकि स्मृति मंधाना उप कप्तान हैं I ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल से पहले चोटिल प्रतिका रावल की जगह टीम में जगह बनाने वाली आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा भी टीम का हिस्सा हैं I भारत और श्रीलंका नौ जनवरी को नवी मुंबई में डब्ल्यूपीएल 2026 शुरू होने से ठीक पहले पांच मैच की श्रृंखला खेलेंगे। इस द्विपक्षीय श्रृंखला का कार्यक्रम भारत और बांग्लादेश के बीच दिसंबर में भारत में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के पिछले महीने स्थगित होने के बाद घोषित किया गया था I भारत और श्रीलंका ने पिछली बार अक्टूबर 2024 में विश्व कप के दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था I

**भारतीय टीम** – हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष, जी कमालिनी, श्री चरणी और वैष्णवी शर्मा I

# पहले दो नाम ये होने चाहिए, भारत की 2027 विश्व कप टीम पर बोले हरभजन सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ ODI सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने ICC क्रिकेट वर्ल्ड कप 2027 खेलने वाले सीनियर खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली का समर्थन करते हुए कहा कि इन दोनों के लिस्ट में 'पहले दो नाम' होने चाहिए। रोहित और विराट ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक ब्लॉकबस्टर ODI सीरीज खेली। रोहित ने पहले और आखिरी ODI में दो शानदार हाफ-सेंचुरी लगाईं जबकि विराट ने रांची और रायपुर में लगातार दो शतक बनाए और इसके बाद विशाखापत्तनम में अर्धशतक लगाया।

अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए हरभजन ने कहा कि अगर कोई 'युवाओं के पीछे अनुभव खो देता है', तो यह बड़े मैचों में महंगा पड़ सकता है। उन्होंने कहा, 'क्या रोहित शर्मा और विराट कोहली से बड़े और बेहतर खिलाड़ी हैं? इसलिए आपको उन्हें साइडलाइन नहीं करना चाहिए, बल्कि यह सोचना चाहिए कि उनके आस-पास टीम कैसे बनाई जाए। अगर आप युवाओं को आगे बढ़ाने के चक्कर में अनुभव खो देते हैं, तो बड़े मैचों में समय-समय पर यह एक समस्या हो सकती है। इसलिए उन्हें खेलना चाहिए और यह एक बड़ा वर्ल्ड कप होगा क्योंकि उसके बाद हो सकता है कि वे कभी दूसरा वर्ल्ड कप न खेलें।'

हरभजन ने कहा, 'जिस तरह से रोहित शर्मा और विराट कोहली बैटिंग कर रहे हैं, और उनके साथ बैटिंग ऑर्डर जैसा दिख रहा है, वह इतना सॉलिड लग रहा है कि उन्हें खेलना चाहिए। वे अपनी फिटनेस बनाए रखेंगे। लेकिन यह सवाल कि वे वर्ल्ड कप खेलेंगे या नहीं, युवा खिलाड़ियों की ओर देखना ठीक है, लेकिन उन खिलाड़ियों को नजरअंदाज़ न करें जो पहले से ही बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं।' पूर्व भारतीय स्पिनर ने कहा, 'पिछले वर्ल्ड कप में भी वे फाइनल में चूक गए थे, क्योंकि पिच बहुत धीमी थी। अगर पिच तेज होती, तो इंडिया जीत जाता। बहुत प्रेशर था, इसीलिए ऑस्ट्रेलिया ने भारत से बेहतर खेला और जीता। लेकिन रोहित शर्मा की लीडरशिप में भारत जिस तरह खेला, वह अविश्वसनीय था। इसलिए पहले दो नाम रोहित शर्मा और विराट कोहली होने चाहिए और बाकी टीम उसके बाद बननी चाहिए।'

विराट ने सीरीज में 151.00 के एवरेज और 117 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 302 रन बनाकर टॉप रन-गेटर रहे जिसमें दो शतक और एक फिफ्टी शामिल थी। रोहित ने भी तीन इनिंग्स में 48.66 के औसत से 148 रन बनाए, जिसमें 110 से ज़्यादा का स्टाइक रेट और दो फिफ्टी शामिल थी। 'रो-को' इस साल ODI में भारत के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले दो खिलाड़ी रहे। विराट ने 13 मैचों और इनिंग्स में 65.10 के औसत से 651 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और चार फिफ्टी शामिल हैं, उनका बेस्ट स्कोर 135 और स्ट्राइक रेट 96 से ज़्यादा रहा। दूसरी ओर रोहित ने 14 इनिंग्स में 50.00 के औसत और 100 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए, जिसमें दो शतक और चार फिफ्टी तथा 121* का बेस्ट स्कोर रहा।



# स्टारलिंक ने भारत में सेवा की कीमतों पर दी सफाई, सही दरें अभी घोषित नहीं

**- वेबसाइट पर दिखाई गई मासिक 8,600 और उपकरण लागत 34,000 रुपए वास्तविक नहीं थीं**

**मुंबई ।** अमेरिकी सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक ने भारत में अपनी सेवा की कीमतों को लेकर स्पष्ट किया है कि वेबसाइट पर दिखाई गई मासिक 8,600 रुपए और उपकरण लागत 34,000 रुपए वास्तविक नहीं थीं। कंपनी ने बताया कि यह सिर्फ एक तकनीकी गड़बड़ी थी। स्टारलिंक इंडिया की वेबसाइट अभी लाइव नहीं है और ऑर्डर भी स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। बिजनेस ऑपरेशंस अे धिकारी ने कहा कि टीमें अंतिम सरकारी मंजूरी और सुरक्षा परीक्षणों के बाद ही सेवा चालू करेंगी। बांग्लादेश में स्टारलिंक की मासिक योजनाएं 40-50 (3,400-4,300 रुपए) और उपकरण 300-400 डॉलर (25,800-34,400 रुपए) हैं। वहीं श्रीलंका में मासिक 100-125 डॉलर (8,600-10,750 रुपए) और उपकरण 900-1,000 डॉलर (77,400-86,000 रुपए) हैं। डाउनलोड स्पीड 190-360 एमबीपीएस के बीच है। ईलॉन मस्क का कहना है कि स्टारलिंक घनी आबादी वाले शहरों के बजाय ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों के लिए अधिक लाभकारी होगी। शहरों में सेल टावर पर्याप्त हैं, लेकिन गांवों में ब्रॉडबैंड बिछाना महंगा और मुश्किल है। भारतीय दूरसंचार कंपनियों को डर है कि स्टारलिंक के आने से 5जी और फिक्स्ड




वायरलेस एक्सेस योजनाओं पर असर पड़ सकता है। स्टारलिंक जियो-एसईएस और भारती समर्थित यूटेलसेट वनवेब जैसी सेवाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। कंपनी को उपयोगकर्ताओं के टर्मिनल और उपग्रहों के बीच सिग्नल भेजने के लिए कई गेटवे अर्थ स्टेशन स्थापित करने होंगे। एयरटेल और जियो के साथ साझेदारी से इन कंपनियों के रिटेल नेटवर्क के माध्यम से स्टारलिंक सेवाएं उपलब्ध होंगी।

# इस्पात-सीमेंट उद्योग में कार्बन उत्सर्जन घटाने की पहल

## भारत और स्वीडन ने मिलाया हाथ

**नई दिल्ली ।**

भारत के इस्पात और सीमेंट क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए टाटा स्टील, जेके सीमेंट, अंबुजा सीमेंट्स और जिंदल स्टील जैसी अग्रणी कंपनियों ने स्वीडिश प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तकों के साथ मिलकर सात नई परियोजनाओं की शुरुआत की है। ये पहल भारत के 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने के प्रयासों का हिस्सा है। इन परियोजनाओं में रोटरी भट्टों में हाइड्रोजन का उपयोग करके इस्पात निर्माण, 'स्टील स्लैग' के पुनर्चक्रण से हरित सीमेंट का उत्पादन, और कृत्रिम मेधा (एआई) के माध्यम से सीमेंट के कार्बन उत्सर्जन में कमी जैसे उपाय शामिल हैं। इन सभी पहल का उद्देश्य कठिन-उद्योग क्षेत्रों को अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाना है। सात प्री-पायलट परियोजनाओं को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और स्वीडिश ऊर्जा एजेंसी से वित्तीय समर्थन प्राप्त होगा। प्रमुख भागीदारों में प्रौद्योगिकी कंपनियां कंथल और स्वेरिम, तथा भारतीय शैक्षणिक संस्थान आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी-आईएसएम धनबाद, आईआईटी



भुवनेश्वर, आईआईटी हैदराबाद और दत्ता मेघे कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग शामिल हैं। ये परियोजनाएं न केवल भारत के बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास को समर्थन देंगी, बल्कि वैश्विक जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## चावल कंपनियों के शेयर लड़खड़ाए, 10 फीसदी तक फिसले



**ट्रंप के बयान से निवेशक चिंतित, सबसे अधिक गिरावट एलटी फूड्स के शेयर में दर्ज की गई**

**मुंबई ।** भारतीय चावल कंपनियों के शेयर मंगलवार को बाजार खुलते ही तेज गिरावट के साथ खुले। केआरबीएल, एलटी फूड्स और जीआरएम ओवरसीज़ जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयर 3 से 10 फीसदी तक फिसल गए। सबसे अधिक गिरावट एलटी फूड्स के शेयर में दर्ज की गई, जो 8 फीसदी गिरकर 362 रुपए के इंट्रा-डे लो पर आ गया। कोहिनूर फूड्स के शेयर 10 फीसदी तक घट गए, जबकि चमन लाल सेतिया एक्सपोर्ट्स लिमिटेड का शेयर 5 फीसदी नीचे गया। इसके अलावा कावेरी सीड कंपनी और जीआरएम ओवरसीज़ लिमिटेड के शेयर भी प्रभावित हुए। हालांकि दिन के दौरान कुछ शेयरों में रिकवरी भी देखी गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत से आयातित चावल और कनाडा से आने वाले फर्टिलाइज़र पर नए टैरिफ लगा सकता है। उनका कहना था कि ये आयात अमेरिकी किसानों के लिए चुनौती बन रहे हैं और अमेरिकी कृषि उत्पादों की कीमतों को प्रभावित कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि भारत, थाईलैंड और वियतनाम से सस्ते चावल आने से अमेरिकी किसानों की उपज की कीमतें दब रही हैं और इसे लेकर कदम उठाना आवश्यक है। उन्होंने अमेरिकी किसानों के लिए 12 अरब डॉलर का सहायता पैकेज भी घोषित किया। ट्रंप के बयान के बाद भारतीय चावल निर्यातकों के शेयरों में पैनिक सेलिंग हुई। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर अमेरिका चावल पर टैरिफ लागू करता है, तो इसका दीर्घकालीन असर निर्यातकों की आय और शेयर बाजार पर पड़ सकता है। निवेशकों के लिए सतर्क रहना और बाजार की चाल पर ध्यान देना जरूरी है।

## भारत बनेगा चिप मैन्युफैक्चरिंग हब : इंटेल-टाटा की साझेदारी से सेमीकंडक्टर क्रांति तेज



**1.18 लाख करोड़ निवेश से गुजरात और असम में तैयार होंगी अत्याधुनिक चिप फैक्ट्रियां**

**नई दिल्ली ।** भारत अब केवल मोबाइल और कंप्यूटर उपयोग करने वाला देश नहीं, बल्कि सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में अमेरिकी चिप दिग्गज इंटेल और देश के प्रमुख औद्योगिक समूह टाटा समूह ने एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है। इस समझौते के तहत भारत में चिप्स की मैन्युफैक्चरिंग, पैकेजिंग और असेम्बली की जाएगी, जिससे देश के उभरते सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को नई मजबूती मिलेगी। टाटा समूह के अनुसार, इंटेल के उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग गुजरात के धोलेरा में बन रही टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की सेमीकंडक्टर फैक्ट्री में होगी, जबकि उनकी पैकेजिंग और टेस्टिंग असम में स्थापित किए जा रहे टाटा के आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर एसेंबली एंड टेस्टिंग प्लांट (ओएसएटी) में की जाएगी। इन दोनों अत्याधुनिक सुविधाओं के निर्माण के लिए टाटा समूह लगभग 1.18 लाख करोड़ रुपए का निवेश कर रहा है। यह निवेश भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक माना जा रहा है।

साझेदारी का एक बड़ा फोकस एआई सक्षम कंप्यूटर सिस्टम तैयार करना भी होगा, जिसकी वैश्विक मांग तेजी से बढ़ रही है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2030 तक भारत दुनिया के टॉप-5 पीसी मार्केट्स में शामिल होगा। ऐसे में इस पहल से घरेलू बाजार में न केवल बड़े पैमाने पर उत्पादन को गति मिलेगी, बल्कि आयात पर निर्भरता भी कम होगी। इंटेल एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इसे भारत के बढ़ते कंप्यूटिंग बाजार के लिए रणनीतिक फैसला बताते हुए कहा कि एआई और पीसी की बढ़ती मांग भारत को एक महत्वपूर्ण टेक डेस्टिनेशन बना रही है।

# ओला इलेक्ट्रिक ने तैनात की 250 सदस्यीय स्पेशल टीम

**नई दिल्ली ।** दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने बढ़ते सर्विस बैकलॉग, रिपेयर में देरी और स्पेयर पार्ट्स उपलब्धता की समस्या को देखते हुए 250 सदस्यों की एक स्पेशल रैपिड-रिस्पॉन्स टीम पूरे देश में तैनात की है। कंपनी ने ग्राहकों की सर्विस से जुड़ी शिकायतों को दूर करने के लिए बड़ी कार्रवाई शुरू की है। इस टीम का मिशन पेंडिंग रिपेयर को तेज करना, सर्विस नेटवर्क को मजबूत बनाना और ग्राहकों को भरोसेमंद आफ्टर-सेल्स सपोर्ट देना है।

ओला ने बताया कि हायपरसर्विस मॉडल के तहत सर्विस सिस्टम को पूरी तरह नए ढंग से तैयार किया जा रहा है। इस मॉडल का मकसद उन सामान्य समस्याओं को खत्म करना है, जिनका सामना ग्राहकों को अक्सर करना पड़ता है जैसे लंबी वेटिंग, रिपेयर में देरी और पार्ट्स की कमी। कंपनी का दावा है कि बेंगलुरु में इसे पहले ही सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है और अब इसे कई बड़े शहरों में विस्तार दिया जा रहा है। नई 250-सदस्यीय टीम में अनुभवी टेक्नीशियन, ऑपरेशनल और मैनेजमेंट विशेषज्ञ शामिल हैं, जो विशेष रूप से बैक-लॉग रिपेयर, बैटरी रिप्लेसमेंट और स्पेयर पार्ट्स सप्लाई को तेज करने पर काम कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, कई मेट्रो शहरों में सर्विस देरी में स्पष्ट कमी देखने को मिली है। इसके अलावा, ओला ने इन-ऐप सर्विस बुकिंग फीचर भी लॉन्च किया है, जिसके जरिए ग्राहक सीधे ऐप से सर्विस स्लॉट बुक कर सकते हैं और जरूरी पार्ट्स ऑर्डर कर सकते हैं। इससे सर्विस सेंटर जाने की जरूरत कम होगी और समय की बचत होगी। 2023 में रिकॉर्ड बिक्री के बाद स्कूटरों की संख्या तेजी से बढ़ी, जिसके चलते सर्विस नेटवर्क पर भारी दबाव पड़ा।

## बीज प्रमाणीकरण न कराया तो होगी वसूली: कृषि मंत्री

**- बीज विकास निगम से विक्रय में देरी पर जताई नाराजगी**

**लखनऊ ।**

कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने 27 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को चेतावनी दी है, जिन्होंने अभी तक बीज प्रमाणीकरण संस्था में पंजीकरण नहीं कराया। मंत्री ने कहा कि यदि एफपीओ तुरंत पंजीकरण नहीं कराएंगे तो सरकार द्वारा दिए गए अनुदान की वसूली की जाएगी। उन्होंने 32 एफपीओ के उत्पादित बीज के उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम द्वारा अब तक न खरीदने पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। कृषि निदेशालय में प्रदेश के 100 एफपीओ के कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें 24 एफपीओ ने अब तक 80,960 क्विंटल बीज का उत्पादन और निगम को विक्रय किया। मंत्री ने कहा कि एफपीओ केवल गेहूं और धान ही नहीं, बल्कि ढैंचा के बीज भी प्रमाणित कर निगम को बेचेंगे। बैठक में प्रमुख सचिव कृषि, निदेशक कृषि, निदेशक बीज विकास निगम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।




## भारत की संप्रभुता संसाधनों और ऊर्जा प्रणालियों पर निर्भर- अदाणी

**- अदाणी ने खनन को नई अर्थव्यवस्था की नींव बताया**

**धनबाद ।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को धनबाद में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइंस) के 100वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि भारत की संप्रभुता उसके प्राकृतिक संसाधनों और ऊर्जा प्रणालियों पर नियंत्रण पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक देश केवल अपने स्वार्थ में काम कर रहे हैं, ऐसे में भारत को अपना विकास मार्ग स्वयं निर्धारित करना होगा। अदाणी ने इतिहास का उदाहरण देते हुए बताया कि बख्तियार खिलजी और ब्रिटिश शासन ने भारत की स्वतंत्रता और शक्ति को कमजोर करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भारत सपने नहीं बेचता, बल्कि उन्हें हकीकत में बदलता है। उन्होंने कथात्मक उपनिवेशीकरण की ओर भी ध्यान दिलाया और कहा कि भारत का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन विश्व में सबसे कम है। अदाणी ने आईआईटी (आईएसएम) के छात्रों के लिए इंटर्नशिप और अदाणी 3एस माइनिंग एक्सीलेंस सेंटर की स्थापना की घोषणा की। अदाणी ने खनन को नई अर्थव्यवस्था की नींव बताया और जोर दिया कि भारत को संसाधनों, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी में संप्रभु क्षमताएं विकसित करनी चाहिए।

## भारत में एआई प्रशिक्षण के लिए अनिवार्य कॉपीराइट लाइसेंस का प्रस्ताव

**- कॉपीराइट धारकों के लिए वैधानिक रॉयल्टी और पारिश्रमिक का अधिकार सुनिश्चित किया जाएगा**

**नई दिल्ली ।** उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने एआई और कॉपीराइट से जुड़े नए नियामक दृष्टिकोण के लिए एक आठ सदस्यीय समिति का गठन किया। समिति में कानूनी विशेषज्ञ, उद्योग और शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य एआई प्रशिक्षण में कॉपीराइट–संरक्षित सामग्री के उपयोग और मौजूदा कानून की समीक्षा करना था। समिति ने एआई डेवलपर्स को सभी वैध रूप से उपलब्ध कॉपीराइट सामग्री तक पहुंच देने के लिए अनिवार्य लाइसेंस की सिफारिश की है। इसके साथ ही कॉपीराइट धारकों के लिए वैधानिक रॉयल्टी और पारिश्रमिक का अधिकार सुनिश्चित किया जाएगा। इस हाइब्रिड मॉडल के तहत व्यक्तिगत बातचीत की आवश्यकता समाप्त होगी और लेनदेन लागत घटेगी। मॉडल का उद्देश्य एआई नवाचार को बढ़ावा देना, प्रशिक्षण के लिए डेटा तक आसान पहुंच प्रदान करना, और स्टार्टअप एवं एमएसएमई के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना है। कॉपीराइट धारकों को न्यायिक रूप से तय रॉयल्टी, आसान भुगतान प्रक्रिया और उचित मुआवजा मिलेगा। समिति ने यह भी स्वीकार किया कि एआई प्रशिक्षण में बड़ी मात्रा और उच्च गुणवत्ता वाले डेटा की आवश्यकता है, और इसके लिए संतुलित नियामक ढांचा बनाना आवश्यक है। इससे न केवल मानव निर्मित कार्यों की सुरक्षा होगी, बल्कि एआई नवाचार को भी प्रोत्साहन मिलेगा। डीपीआईआईटी ने 30 दिनों में हितधारकों से प्रतिक्रिया मांगी है।

# पीएम मोदी के पुतिन को केसर भेंट करने से जम्मू-कश्मीर के किसानों की उम्मीदें बढ़ीं

**अनंतनाग।**

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक दर्शाने वाले विशेष तोहफे भेंट किए। इन उपहारों में कश्मीर का मशहूर केसर और भगवद्गीता का रूसी संस्करण शामिल रहा। यह उपहार न केवल भारत की कला, आध्यात्मिकता और परंपरा को दर्शाते हैं बल्कि दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंधों को और सुदृढ़ करते हैं।

कश्मीर के बुरहान दीन ने इस कदम पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन को कश्मीरी केसर उपहार में दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को जम्मू-कश्मीर के लोगों से विशेष लगाव है। वह चाहें तो कोई कीमती वस्तु भेंट कर सकते थे, लेकिन उन्होंने कश्मीर की पहचान केसर को चुना। यह हमारे लिए सम्मान की बात है। मैं किसानों से अपील करता हूं कि वे केसर की पैदावार बढ़ाएं, क्योंकि अब यह दुनिया के शीर्ष नेताओं तक पहुंच चुका है। सामाजिक कार्यकर्ता सईद अख्तर हुसैन ने कहा कि कश्मीर की हर वस्तु अनमोल है और उसी अनमोलता का प्रतीक यहां का केसर है।



उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कश्मीरी केसर को विश्व पटल पर और प्रख्यात कर दिया है। यदि किसान इसकी खेती को बढ़ावा दें तो यह वैश्विक स्तर पर और बड़ी पहचान बना सकता है। इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और बेरोजगारी कम होगी। जम्मू-कश्मीर में केसर की सबसे अधिक पैदावार होती है और प्रधानमंत्री द्वारा इसका चयन करना हमारे लिए गर्व की बात है।

कश्मीर घूमने आए पर्यटकों ने भी इस निर्णय का स्वागत किया। एक पर्यटक ने कहा कि पीएम मोदी द्वारा पुतिन को कश्मीरी केसर भेंट करने से हमारी जिज्ञासा और बढ़ गई है। हम यहां का असली केसर खरीदकर अपने साथ ले जाना चाहते हैं। यहां के किसान मेहनती हैं और केसर की खेती को बढ़ावा देना चाहिए।

## हिमाचल में कृषि सेवाओं के लिए दरें तय, छोटे किसानों को राहत

**ट्रैक्टर और अन्य कृषि उपकरणों से सेवाओं के लिए मनमाने दाम वसूलने पर लगेगी रोक**

**हमीरपुर ।** हिमाचल प्रदेश कृषि विभाग ने हमीरपुर जिले में छोटे किसानों की शिकायतों के बाद फसलों की बुवाई, कटाई और 'थ्रेसिंग' के लिए दरें तय की हैं। इससे पहले कई क्षेत्रों में ट्रैक्टर और अन्य कृषि उपकरणों से सेवाओं के लिए मनमाने दाम वसूले जा रहे थे। कृषि विभाग के एक अे धिकारी ने बताया कि ट्रैक्टर से जुताई और बुवाई की दर 1,200 रुपये प्रति घंटा, रोटावेटर से जुताई की दर 1,320 रुपये प्रति घंटा और कटाई तथा थ्रेसिंग की दर भी 1,320 रुपये प्रति घंटा तय की गई है। इसके अलावा, पावर टिलर से बुवाई 500 रुपये प्रति घंटा, रीपर से कटाई 1,300 रुपये प्रति घंटा और ब्रश कटर से कटाई 400 रुपये प्रति घंटा होगी। अे धिकारी ने कहा कि निर्धारित दर से अधिक वसूलने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थ्रेसिंग में भूसे और तिनकों से अनाज अलग किया जाता है। इस फैसले से छोटे किसानों को उचित मूल्य पर कृषि सेवाएं मिलेंगी और उन्हें मनमाने दाम वसूलने की परेशानी से राहत मिलेगी।

# इंडिगो की 4,500 उड़ानें रद्द होने से विमानन राजस्व प्रभा वित

**नुकसान की भरपाई के लिए विमानन कंपनी से मुआवजे पर किया जा रहा है विचार**

**नई दिल्ली।**

पिछले सप्ताह इंडिगो ने लगभग 4,500 उड़ानें रद्द कीं, जिससे देश के प्रमुख निजी हवाई अड्डा संचालकों का विमानन राजस्व प्रभावित हुआ। वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस नुकसान की भरपाई के लिए विमानन कंपनी से मुआवजे पर विचार किया जा रहा है। अधिकारी ने कहा, हमारी आपसी समझ और संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए संकट के स्थिर होने तक अंतिम निर्णय टाला गया है। हवाई अड्डों का बड़ा हिस्सा राजस्व विमानन गतिविधियों से आता है, जिसमें लैंडिंग और पार्किंग शुल्क शामिल हैं। ये शुल्क विमानन कंपनियों द्वारा भुगतान किए जाते हैं, लेकिन अक्सर टिकट की कीमतों में शामिल कर यात्रियों पर आंशिक या पूर्ण रूप से डाल दिया जाता है। हालांकि, गैर-विमानन राजस्व जैसे खुदरा बिक्री, ड्यूटी-फ्री, लाउंज सेवाएं और अन्य सुविधाएं बढ़ रही हैं, लेकिन उनका योगदान अभी भी कुल राजस्व में विमानन के मुकाबले कम है। हवाई अड्डे सीधे यात्रियों से यात्री सेवा शुल्क भी लेते हैं, जो सुरक्षा, सुविधा और अन्य सेवाओं में उपयोग होता है। कुछ हवाई अड्डों पर उपयोगकर्ता विकास शुल्क भी लिया जाता है,




जिसका उपयोग हवाई अड्डे के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए किया जाता है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलूरु और हैदराबाद जैसे प्रमुख हवाई अड्डे इंडिगो की उड़ानों के रद्द होने से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि सभी उड़ानें सामान्य होने के बाद ही नुकसान के आकलन और मुआवजे के निर्णय पर अंतिम रूप दिया जाएगा।

## आईएमएफ ने पाकिस्तान को दी 1.2 अरब डॉलर की नई ऋण सहायता

**- पिछले साल पा किस्तान को 7 अरब डॉलर की मदद मिली थी**




**इस्लामाबाद ।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को द्विपक्षीय व्यवस्था के तहत करीब 1.2 अरब डॉलर की नई ऋण सहायता मंजूर की है। इसमें विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) के तहत 1 अरब डॉलर और जलवायु-केंद्रित टिकाऊ स्थिरता सुविधा (आरएसएफ) के तहत 20 करोड़ डॉलर शामिल हैं। पाकिस्तान वर्तमान में आईएमएफ के 24वें कार्यक्रम में है, जिसके तहत पिछले साल उसे 7 अरब डॉलर की मदद मिली थी। आईएमएफ के एक अे धिकारी ने कहा कि पाकिस्तान को आर्थिक स्थिरता बनाए रखने और निजी क्षेत्र-नेतृत्व वाली मध्यम अवधि की वृद्धि हासिल करने के लिए विवेकपूर्ण नीतियों और सुधारों को तेज करना होगा। इस्लामाबाद के अधिकारियों ने इसे आर्थिक सुधारों और व्यापक प्रबंधन में विश्वास का प्रतीक बताया। आईएमएफ ने पिछले महीने वित्तीय प्रबंधन और सार्वजनिक संसाधनों के उपयोग में सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया था।

## जेएसडब्ल्यू स्टील का नवंबर में कच्चा इस्पात उत्पादन 5 फीसदी बढ़ा

**- उत्पादन वृद्धि से मजबूत हुई कंपनी की स्थिति**

**नई दिल्ली ।**

उद्योगपति सज्जन जिंदल की अगुवाई में जेएसडब्ल्यू स्टील ने नवंबर में अपने एकीकृत कच्चा इस्पात उत्पादन में 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने बीएसई को बताया कि नवंबर में उत्पादन 24.39 लाख टन रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 23.23 लाख टन था। इस वृद्धि को कंपनी के निरंतर विस्तार और प्रतिस्पर्धी इस्पात उद्योग में मजबूती का संकेत बताया गया है। नवंबर में जेएसडब्ल्यू स्टील के भारतीय परिचालन का उत्पादन भी 5 प्रतिशत बढ़कर 23.61 लाख टन पहुंच गया। कंपनी ने कहा कि भारतीय परिचालन में क्षमता उपयोग 84 प्रतिशत रहा। यह कम उपयोग विजयनगर संयंत्र में 'ब्लास्ट फर्नेस' को बंद करने के कारण हुआ। जेएसडब्ल्यू स्टील, 23 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य वाले जेएसडब्ल्यू समूह का प्रमुख कारोबार है। समूह की उपस्थिति ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, सीमेंट, पेंट, रियल एस्टेट, ई-प्लेटफॉर्म, परिवहन, रक्षा, खेल और उद्यम पूंजी जैसे क्षेत्रों में है। इस उत्पादन वृद्धि से जेएसडब्ल्यू स्टील की देश के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थिति और प्रगाढ़ हुई है।



# छोरी 2 के बाद अब छोरी 3 के लिए पूरी तरह तैयार हैं नुसरत भरुचा

हाल ही में अपने एक इंटरव्यू के दौरान नुसरत भरुचा ने छोरी 2 के सफ़र पर की दिल छू लेने वाली बात कहते हुए बताया कि एक लड़की के लिए अपना फ्रेंचाइज़ी बनाना आसान नहीं होता, लेकिन उन्होंने इसे आखिरकार कर ही दिखाया। इसमें दो राय नहीं है कि नुसरत भरुचा ने एक ऐसे दौर में अपनी अलग जगह बनाई है, जहाँ महिला-प्रधान फिल्म फ्रेंचाइज़ी बहुत कम देखने को मिलती हैं। छोरी के बाद छोरी 2 के सफल प्रदर्शन के बाद नुसरत अब हॉरर यूनिवर्स के अगले चरण यानी छोरी 3 के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हालांकि वे इसे एक ऐसी उपलब्धि मानती हैं, जो चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ बेहद संतोषजनक भी है। अपने फ़िल्मी सफ़र पर बात करते हुए नुसरत ने कहा, छोरी 1 और 2 मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं। अब हम एक और भाग शुरू कर रहे हैं, और सच कहूँ तो एक लड़की के लिए अपनी खुद की फ्रेंचाइज़ी बनाना वाकई बहुत मुश्किल होता है। हालांकि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूँ कि इसमें मेरे प्रोड्यूसर, मेरे डायरेक्टर और हर को-एक्टर ने मेरा भरपूर साथ दिया। सच, मैं ये उस लड़की की तरह कह रही हूँ, जिसे लगता था कि वो सिर्फ़ एक रोम-कॉम एक्ट्रेस बनकर ही रह जाएगी। सो छोरी की तरफ़ से ये आप सबके लिए है। नुसरत के लिए छोरी सिर्फ़ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक व्यक्तिगत विकास की यात्रा है। हल्की-फुल्की रोमांटिक फिल्मों से पहचान बनाने वाली नुसरत मानती हैं कि वह हमेशा खुद को रोम-कॉम एक्ट्रेस ही समझती थीं, लेकिन छोरी ने उन्हें एक नए क्रिएटिव ज़ोन में पहुँचाया, जहाँ डर, गहराई, संवेदनशीलता और सामाजिक संदेश एक साथ जुड़ते हैं। फिलहाल छोरी 3 के साथ वे इसके अगले अध्याय में कदम रखने जा रही हैं। साथ ही अपनी इस सफलता को वे हर उस लड़की को समर्पित करती हैं जो अपनी राह नए सिरे से तय कर रही है, जो ये साबित करती है कि हिम्मत और विश्वास से कोई कुछ भी हासिल किया जा सकता है, फिर वो चाहे कितना भी असम्भव क्यों न लग रहा हो।



# रश्मिका मंदाना से लेकर नयनतारा तक, साउथ की इन अभिनेत्रियों ने जीता बॉलीवुड के दर्शकों का दिल

भारत एक ऐसा देश है जहां पर प्रतिभा की कद्र की जाती है। इसका एक उदाहरण है साउथ अभिनेत्रियों का बॉलीवुड में काम करना। साउथ की कई अभिनेत्रियों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड के दर्शकों का दिल जीता है। अब वह बॉलीवुड में सबसे ज्यादा मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल हैं। इस खबर में हम साउथ की उन अभिनेत्रियों के बारे में जानेंगे जिन्हें हिंदी पट्टी के दर्शक खूब पसंद करते हैं।

## रश्मिका मंदाना

साउथ की अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने साल 2023 में फिल्म मिशन मजनू से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने हिंदी सिनेमा में अपनी अदाकारी से इस तरह पहचान बना ली है, मानो वह शुरू से ही बॉलीवुड में काम करती रही हों। बॉलीवुड में डेब्यू के साथ उन्होंने साबित कर दिया कि भावनाओं को जाहिर करने के लिए भाषा बाधा नहीं बनती है।

## तमन्ना भाटिया



तमन्ना भाटिया को हिंदी पट्टी का लगभग हर व्यक्ति जानता है। उन्होंने साल 2005 में फिल्म चांद सा रोशन चेहरा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। शुरू से ही उन्होंने अपने अभिनय का जलवा दिखाया। अब वह बॉलीवुड का चमकता सितारा हैं। वह रोमांस से लेकर ड्रामा तक, सभी तरह की फिल्मों में अच्छा अभिनय करती हैं।

## कीर्ति सुरेश



साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म बेबी जॉन से कीर्ति सुरेश ने बॉलीवुड में कदम रखा। वह आसानी से अलग-अलग तरह की भूमिकाओं को करती हैं। बॉलीवुड के दर्शक उनकी शालीनता से आकर्षित होते हैं। यही वजह है कि हिंदी पट्टी में उन्हें कम वक्त में काफी शोहरत मिली है।

## नयनतारा



नयनतारा साउथ में सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। साल 2023 में उन्होंने फिल्म जवान से बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने शाहरुख खान के साथ ऐसी अदाकारी कि दर्शक उनके कायल हो गए। उनकी अदाकारी कई दूसरी अभिनेत्रियों के लिए प्रेरणा है।

## सामंथा रुथ प्रभु



सामंथा रुथ प्रभु ने साल 2012 में फिल्म एक दीवाना था से बॉलीवुड में कदम रखा। साउथ में अपनी पहचान बनाने के बाद उन्होंने बॉलीवुड में भी पहचान बना ली है। अपने अभिनय की वजह से फिल्हाल वह भारत की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं।



# इक्कीस में अपने किरदार को लेकर अगस्त्य नंदा ने की बात

**हाल ही में मुंबई के नेवी नगर में हुए एक कार्यक्रम में अगस्त्य नंदा ने अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म इक्कीस को लेकर कई बातों का खुलासा किया। इस फिल्म में अगस्त्य ने सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल का किरदार निभाया है। अपने किरदार को लेकर जानें क्या है अभिनेता की राय।**

## दुनिया बदलने के लिए उम्र की सीमा नहीं होती

अगस्त्य नंदा ने अपने किरदार को लेकर कहा, हम तीन साल से इस फिल्म के लिए कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। अरुण खेत्रपाल सिर्फ 21 साल के थे, फिर भी उन्होंने जो बहादुरी दिखाई, वह आज की युवा पीढ़ी के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है। मुझे उम्मीद है कि युवा इस फिल्म को देखकर समझेंगे कि दुनिया बदलने के लिए कभी भी कम उम्र नहीं देखी जाती।

## कब सामने आई थी फिल्म की कहानी

श्रीराम राघवन ने बताया कि यह कहानी उन्हें 7 साल पहले पता चली थी। वे अरुण खेत्रपाल की पुण्यतिथि पर चंडीगढ़ भी गए थे। उन्होंने कहा, यह फिल्म बनाना बहुत मुश्किल था, लेकिन मैंने दिल से कोशिश की है कि उनकी बहादुरी की कहानी सही तरीके से दिखे।

## फिल्म को लेकर भावुक हुए दिनेश विजन



इस फिल्म के निर्माता दिनेश विजन ने कहा, हमने बहुत सारी फिल्में बनाई हैं, लेकिन 'इक्कीस' हमारे लिए सिर्फ फिल्म नहीं, एक भावना है। यह हमारी अब तक की सबसे अच्छी फिल्म है। यह फिल्म हमें इंसान बनना सिखाती है। एक 21 साल का जवान जो कर सकता है, वह हम सोच भी नहीं सकते।

## इक्कीस के बारे में

अभिनेता अगस्त्य नंदा ने फिल्म इक्कीस में अरुण खेत्रपाल का किरदार निभाया है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में बसंतर की लड़ाई में 21 साल की उम्र में शहीद हुए अरुण खेत्रपाल की सच्ची कहानी है। फिल्म का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर श्रीराम राघवन ने किया है। दिनेश विजन ने फिल्म का निर्माण किया है। इस फिल्म में अगस्त्य नंदा के साथ जयदीप अहलावत, धर्मेंद्र, सिकंदर खेर समेत कई कलाकार हैं। यह धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म है।

# अपने तेलुगु डेब्यू को तैयार गुलशन देवैया

## सामंथा के बैनर तले बन रही फिल्म में आएंगे नजर



हिंदी फिल्मों में अपने अभिनय से प्रभावित करने के बाद अब अभिनेता गुलशन देवैया पैन इंडिया एक्टर बनने की ओर अग्रसर हैं। बीते दिनों वो ब्लॉकबस्टर कन्नड़ फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' में ऋषभ शेट्टी के साथ नजर आए थे। इस फिल्म में गुलशन निगेटिव रोल में दिखे थे। अब गुलशन देवैया अपने तेलुगु डेब्यू के लिए तैयार हैं। तेलुगु में गुलशन अभिनेत्री व प्रोड्यूसर सामंथा रुथ प्रभु के साथ अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। वो सामंथा स्टारर और उनके प्रोडक्शन हाउस त्रालाला मूविंग पिक्चर्स के अंतर्गत बन रही फिल्म 'मां इंति बंगारम' से तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं।

### माधवन और सामंथा भी निभाएंगे प्रमुख भूमिकाएं

'मां इंति बंगारम' में गुलशन देवैया के साथ सामंथा रुथ प्रभु और आर माधवन भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। सामंथा रुथ प्रभु की त्रालाला मूविंग पिक्चर्स ही इस फिल्म का निर्माण भी कर रही है। हाल ही में गुलशन देवैया हैदराबाद में हुए फिल्म के आधिकारिक मुहूर्त समारोह में भी शामिल हुए थे।

### फिल्म को लेकर उत्साहित हैं गुलशन

गुलशन अपनी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस दौरान फिल्म को लेकर गुलशन देवैया का कहना है कि मैं सामंथा के साथ कुछ करने के लिए एक अच्छे मौके का इंतजार कर रहा था। अब ऐसा लगता है कि यह फिल्म सही समय पर आई है। हालांकि, गुलशन ने अपने किरदार को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं दी। उनका कहना है कि मैं अपने किरदार या फिल्म के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता, लेकिन यह किरदार निभाना काफी चुनौतीपूर्ण है। फिलहाल गुलशन अपने किरदार की तैयारियों में जुटे हैं।

### 'कांतारा चैप्टर 1' में नजर आए थे गुलशन

वर्कफ्रंट की बात करें तो गुलशन देवैया आखिरी बार ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कंतारा चैप्टर 1' में नजर आए थे। इस फिल्म में गुलशन ने निगेटिव किरदार निभाया था। उनके काम को पसंद भी किया गया था। फिल्म में उनके किरदार का नाम कुलशेखर है, जो एक राजा है जो कंतारा के जंगलों को नष्ट करने की योजना बनाता है। इसके अलावा वो हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज 'परफेक्ट फैमिली' में भी नजर आए हैं।



# ट्रोल्स ने मुझे बहुत प्रभावित किया, मगर अब कोई फर्क नहीं पड़ता

एक समय मिस इंडिया रही नेहा धूपिया के करियर में एक ऐसा वक्त भी आया, जब मां बनने के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर बॉडी शेमिंग और ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। इंडस्ट्री में 22 साल बिता चुकी नेहा पिछली बार अ थर्सडे में दिखी थीं। रोडीज और अपने शो नो फिल्टर नेहा से हमेशा चर्चा में रहने वाली यह एक्ट्रेस आज ट्रोल्स को धता बताकर अपने मदरहुड और काम को इंजॉय कर रही हैं। इन दिनों वे अपनी नई सीरीज परफेक्ट फैमिली से खबरों में हैं। उनसे एक बातचीत।

**तीन साल बाद आपने अभिनय में वापसी की। किरदारों को लेकर इतनी चूजी क्यों हैं?**

मैं इतनी चूज़ी हूं नहीं। मुझे इतने कम ऑफर्स मिलते हैं कि मुझे उन्हीं में से चुनना पड़ता है। मुझे भी लगता है कि मुझे काफी कम किरदारों का प्रस्ताव मिलता है। कई बार जब मैं कोई रोल देखती हूं, तो मुझे लगता है कि मुझे इसमें क्यों नहीं लिया गया? मगर इसके बावजूद मेरे अंदर एक बहुत बड़ी खुशी भी है कि इस इंडस्ट्री में मुझे 22 साल का एक लंबा अरसा हो गया।

**अ थर्सडे में मैं 8 महीने की प्रेग्नेंसी में थी**

जब मैंने अ थर्सडे साइन की थी, तब मैं गर्भवती नहीं थी। असल में बीच में लॉकडाउन आ गया था, तो जब शूटिंग शुरू हुई तो मैंने उनसे जाकर कहा, सॉरी मैं 6 महीने की गर्भवती हूं, तो उनका जवाब था कि क्या पुलिस अधिकारी प्रेग्नेंट नहीं हो सकती? आप अगर कंफर्टेबल हैं, तो ये रोल कीजिए। कहने का अर्थ ये है कि बेहजाद खंबाटा और रॉनी स्क्रूवाला जैसे फिल्मकारों ने अ थर्सडे जैसी महिला प्रधान फिल्म बनाई और मुझे गर्भवती होने के बावजूद मौका दिया।

**क्या आप इस बात को मानती हैं कि एक महिला को हर जगह पर खुद को ज्यादा साबित करना पड़ता है?**

जी मैं मानती हूं। हमारे पेशे में तो फिजिकल पहलू भी काफी मायने रखता है। आप एक मां होते है, पत्नी होते हैं, आपकी जिम्मेदारियों में इजाफा होता है। मां बनने के बाद एक महिला को ब्रेक लेना ही पड़ता है। मेल एक्टर्स कितना ब्रेक लेते हैं? एक मां होना सबसे सुखद अनुभूति है, मगर एक औरत के लिए मां बनने के बाद करियर में रुकावट तो आती ही है। पर हां, हमारे मदरहुड के समय मौके बेहतर हो गए थे। मगर हमसे पहले की जनरेशन तो मदरहुड के समय 5-10 साल पीछे चली जाती थीं। उनको फिर नए सिरे से शुरुआत करनी पड़ती थी। मेरे केस में मैं रोडीज़ कर रही थी, अपना शो नो फिल्टर नेहा कर रही थी। इवेंट्स में भाग ले रही थी और इससे ज्यादा मैं मैनेज भी नहीं कर पाती। आज हम महिलाओं के पास सोशल मीडिया है। जैसे मैंने अपने सोशल मीडिया में एक पैरेंटिंग कम्युनिटी बना ली है, जहां हम प्रेग्नेंसी, पोस्टपार्टम, ब्रेस्ट फीडिंग जैसे कई मुद्दों पर बात करते हैं। इस कम्युनिटी से 80 हजार महिलाएं जुड़ी हैं। देखिए, हम औरतों में अपने अंदर भी एक एक्सपेटेंस होनी चाहिए कि हमसे कितना बदलाव आया है। अब मेरे बच्चे स्कूल जा रहे हैं, तो मेरे पास समय है, जिसका मैं फायदा उठा रही हूं। महिलाओं को अपने लिए मौके बनाने पड़ते हैं।

**सोशल मीडिया पर बॉडी शेमिंग या ट्रोल्स को कैसे हैंडल करती हैं?**

पहले-पहले तो ये सब कुछ बहुत चुभता था। जब मैं पहली बार मां बनी, तब ट्रोल्स ने मुझे बहुत ज्यादा प्रभावित किया। मां बनना दुनिया का सबसे खूबसूरत अहसास है, उसका कोई मोल नहीं, मगर उसके बाद आपकी जिंदगी 360 डिग्री बदल जाती है। आपकी बॉडी और हॉर्मोन्स चेंज होने लगते हैं, आप आईने में खुद को पहचान नहीं पाते। पहली डिलीवरी के बाद मैं बहुत ही सीवियर पोस्टपार्टम से गुजरी। मेरे बारे में जब भद्दे-भद्दे कमेंट्स आते, तो लगता कि लैपटॉप पर बैठ कर इस तरह के ट्रोल्स की ऐसी-तैसी कर दूं। मगर अब मैं मोटी चमड़ी की हो गई हूं। अब तो मैं अब्यूज, सेक्सुअल कोनोटेशन, फैट शेमिंग, गंदे-गंदे कमेंट्स, हर किसी से गुजर चुकी हूं और इससे उबर चुकी हूं। अब कोई फर्क नहीं पड़ता।

## परफेक्ट फैमिली जैसी सीरीज का हिस्सा बनने को क्यों प्रेरित हुईं?

तीन साल के अंतराल के बाद अगर आप किसी प्रॉजेक्ट में अभिनय करते हैं, तो जरूरी हो जाता है कि आप ऐसे विषय से जुड़ें, जो सामयिक भी मगर मनोरंजन भी दे। यही बात मुझे परफेक्ट फैमिली में दिखी। बाहर से हर फैमिली परफेक्ट लगती है, मगर अंदर से हर परिवार में कलेश होता है। जहां तक थेरेपी लेने की बात है, तो हर परिवार मानता है कि मानसिक रूप से बीमार या पागल होने पर ही थेरेपी ली जा सकती है। इस टैबू को तोड़ती है ये सीरीज। इसीलिए मैं इसका हिस्सा बनी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in